E-PAPER

थिंक राजस्थान

जयपुर
03 नवम्बर, 2026
मंगलवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 111 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) / सोच नई, राजस्थान के लिए / मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

RSS का 3 साल का एजेंडा तय... 5 मुद्दों पर फोकस

जेन-जी आंदोलन पर आंबेकर बोले- देशहित में होना चाहिए; महिलाओं- युवाओं को जोड़ने पर भी चर्चा

इंदौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) अगले तीन साल सामाजिक समरसता, पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली, कुटुंब प्रबोधन, स्व का भाव और नागरिक कर्तव्य जैसे पांच विषयों पर फोकस करेगा। संघ ने इन्हें पंच परिवर्तन नाम दिया है। शताब्दी वर्ष के दौरान इन विषयों को समाज तक पहुंचाने के लिए गृह संपर्क अभियान, सम्मेलन और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इंदौर में सोमवार को शुरू हुई अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक में इन कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ आगामी तीन वर्षों की कार्ययोजना पर मंथन हुआ। बैठक के बाद अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने जेन-जी आंदोलन से जुड़े सवाल पर कहा कि देश में कोई आवाज उठाता है तो संघ को पक्ष-विपक्ष के नजरिए से क्यों देखा जाता है। उन्होंने कहा कि सभी को ध्यान रखना चाहिए कि आंदोलन देशहित में हो। संघ इस विषय में सतर्क रहता है और आगे भी रहेगा।



देशभर में 1.01 लाख से ज्यादा दैनिक शाखाएं

आंबेकर के मुताबिक, देशभर में संघ की दैनिक शाखाओं की संख्या बढ़कर 1 लाख 1 हजार 151 हो गई है। साप्ताहिक और मासिक मिलन को मिलाकर संघ का काम 1 लाख 10 हजार 849 स्थानों तक पहुंच गया है। पिछले साल अक्टूबर की तुलना में शताब्दी वर्ष के दौरान 13 हजार से अधिक नई दैनिक शाखाएं जुड़ी हैं। बैठक में शाखाओं के विस्तार के प्रयासों और उनके परिणामों की समीक्षा की गई। शाखाओं के साथ साप्ताहिक और मासिक मिलन की गतिविधियों को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई।

महिलाओं और युवाओं को जोड़ने पर चर्चा

शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी रही। बैठक में इस अनुभव के आधार पर महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए नए कार्यक्रमों और उपक्रमों पर विचार किया गया। युवाओं को जोड़ने के लिए शहरों, गांवों और कॉलेज कैंपस में आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा हुई। इनमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और अन्य युवाओं ने हिस्सा लिया था।

युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए अभियान

बैठक के एजेंडे में युवाओं में नशीली दवाओं के बढ़ते चलन पर चिंता और इससे निपटने के प्रयास भी शामिल रहे। आंबेकर ने कहा कि नशे की समस्या से निपटने के लिए सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर प्रयास जरूरी हैं। युवाओं को नशीली दवाओं से दूर रखने के लिए सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने पर विचार होगा। उन्होंने बताया कि पिछली समन्वय बैठक में संघ से प्रेरित विभिन्न संगठनों ने भी अपने क्षेत्रों में नशे के खिलाफ अभियान शुरू करने की जानकारी दी थी।

ब्रीफ न्यूज

मुकेश अंबानी बने दुनिया के 23वें सबसे अमीर व्यक्ति



नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की संपत्ति में सोमवार को एक दिन में 6.3 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आई तेजी से उनकी संपत्ति बढ़कर 88.8 अरब डॉलर हो गई। फोर्ब्स की दो नवंबर को जारी रियल-टाइम अरबपतियों की सूची में अंबानी दुनिया के 23वें सबसे अमीर व्यक्ति बन गए।

शरद पवार की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती



पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार को सीने में दर्द और खांसी की शिकायत के बाद पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। सांस लेने के दौरान सीने में दर्द होने पर उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। उनकी बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। पवार के मेडिकल टेस्ट किए जा रहे हैं।

फिल्ममेकर वेद राही का 93 साल की उम्र में निधन



मुंबई। भारतीय साहित्य और मनोरंजन जगत के दिग्गज लेखक एवं फिल्ममेकर वेद राही का 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने रविवार को महाराष्ट्र के ठाणे स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उन्हें दूरदर्शन के धारावाहिक 'गुल गुलशन गुलफाम' के निर्देशन के लिए विशेष रूप से याद किया जाता है।

एचपीसीएल रिफाइनरी में लगी भीषण आग



विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम स्थित गाजुवाका औद्योगिक क्षेत्र में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की रिफाइनरी में सोमवार को भीषण आग लग गई। आग सल्फर पिच टैंक में लगी, जिससे आसपास के इलाकों में घना धुआं फैल गया। दमकल की कई गाड़ियों ने आग बुझाने में जुटी रहीं। पुलिस के अनुसार आग टैंक तक सीमित है और रिफाइनरी के अन्य हिस्सों को खतरा नहीं है।

रोहित शर्मा-विराट कोहली 7 साल बाद न्यूजीलैंड में साथ खेलेंगे

मुंबई। रोहित शर्मा और विराट कोहली फरवरी 2020 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड की धरती पर साथ खेलेंगे। दोनों आखिरी बार 29 फरवरी 2020 में को हैमिल्टन में तीसरे टी-20 इंटरनेशनल में उतरे थे। इसके बाद वे 4 नवंबर को पांच वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में एक साथ उतरेंगे। टेस्ट और टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास लेने के बाद अब दोनों सिर्फ वनडे खेल रहे हैं। ऐसे में यह सीरीज 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने का मौका है।

» अंदर विशेष

▪ जगन्नाथ यूनिवर्सिटी; एल्युमनी जयपुर चैप्टर मीट, विद्यार्थियों का सम्मान
...पढ़े पेज 2 पर

▪ चुनावी रंजिश को लेकर भतीजे पर किया था हमला: 2 गिरफ्तार
...पढ़े पेज 4 पर

झुंझुनूं: छापोली से कदम कुंड की ओर जाने के लिए पक्का रास्ता बना रहे थे ग्रामीण

चंदा जुटाकर सड़क बना रहे थे, हाइड्रोलिक जैक 11 केवी हाईटेंशन लाइन से टच हुआ तो करंट फैला, 8 की मौत

थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

झुंझुनूं जिले में जिस सड़क को गांव के लोग चंदा जुटाकर बना रहे थे, उसी सड़क पर सोमवार सुबह मौत का करंट दौड़ गया। रोड़ी मिलाने वाली मशीन(मिक्सर) का हाइड्रोलिक जैक साइड करते समय ऊपर से गुजर रही 11 केवी हाईटेंशन लाइन से छू गया। करंट मशीन में फैलते ही उसे पकड़कर धक्का दे रहे 8 लोग करंट की चपेट में आए, जिससे मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच झुलस गए। घटनास्थल पर बिखरी मृतकों की चप्पलें, जले हुए कपड़े और उनकी राख से काली पड़ी मिट्टी को देखकर ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। लोग एक-दूसरे को दिलासा देते रहे। गांव को विकास से जोड़ने वाली सड़क पर ही लोग फूट-फूटकर रोते रहे। ग्रामीण लक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि छापोली से कदम कुंड की ओर जाने के लिए पक्का रास्ता बनाना था। इसके लिए गांव वालों ने सरकारी मदद का इंतजार करने के बजाय खुद चंदा जुटाकर सड़क बनाने का फैसला किया था। इसी पैसे से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। पिछले तीन-चार महीने से काम रुक-रुककर चल रहा था। गांव के लोगों के लिए सड़क बनाने के लिए ठेकेदार विष्णु सैनी को जिम्मेदारी सौंपी थी।

सुबह 10 बजे शुरू हुआ काम, कुछ पलों में मच गई चीख-पुकार

सड़क बनाने का काम पिछले तीन-चार महीने से रुक-रुककर चल रहा था। सोमवार को भी मजदूर रोज की तरह काम पर पहुंचे थे। सोमवार सुबह करीब 10 बजे भी निर्माण कार्य चल रहा था। मजदूर रोड़ी-बजरी और सीमेंट मिलाने में जुटे थे। इसी दौरान रोड़ी मिलाने वाली मशीन का हाइड्रोलिक जैक ऊपर से गुजर रही 11 केवी की हाईटेंशन लाइन से टच हो गया। देखते ही देखते करंट पूरी मशीन में फैल गया। मशीन को छूकर खड़े लोगों को संभलने या बचने का मौका तक नहीं मिला। कुछ ही देर में सड़क पर चीख-पुकार मच गई।



गीता, संतरा और मंजू समेत पांच लोग झुलसे

हादसे में छापोली की गीता (45), संतरा (35) और मंजू (38) समेत पांच लोग झुलस गए। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। आठ लोगों की मौत और पांच के घायल होने से पूरे इलाके में शोक का माहौल है। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों और घायलों के परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद मृतक और घायलों के परिजनों को ग्रामीणों ने संभाला। ग्रामीण विक्रम का कहना है- 11 केवी की बिजली लाइन पहले सड़क से दूर थी, लेकिन कुछ दिन पहले इसे बदलकर सड़क के ऊपर से निकाला गया था। उनका यह भी कहना है कि बिजली के तार पेड़ों के संपर्क में थे। हादसे के दौरान बिजली सप्लाई बंद करवाने के लिए उदयपुरवाटी जीएसएस पर फोन किया गया, लेकिन वहां कर्मचारी मौजूद नहीं थे।

एक ही गांव के चार युवकों की मौत

ग्रामीण लक्ष्मण गुर्जर ने बताया- हादसे में जान गंवाने वालों में मेरे गांव हालेड़ा मंडावरा के चार युवक शामिल हैं। इनमें हरिराम गुर्जर (30), पुत्र शंकरलाल, मंगलचंद गुर्जर (22) पुत्र गिरधारीलाल, कालूराम गुर्जर (29) पुत्र भीखाराम और पवन गुर्जर (23) पुत्र जगदीश हैं। इसके अलावा छापोली और आसपास के चार लोगों की भी मौत हुई। इनमें ठेकेदार विष्णु सैनी (38), पुत्र नानूराम, सुरेंद्र उर्फ सुरेश सैनी (30) पुत्र महावीर, मुकेश सैनी (27) और नितेश पुत्र फतेहचंद सैनी (32) शामिल हैं।



पंजाब से आम आदमी पार्टी के तीन विधायक भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए

नई दिल्ली

पंजाब आम आदमी पार्टी के तीन विधायकों सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब में आप के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है। हरमीत सिंह पठानमाजरा (सनौर विधानसभा), चेतन सिंह जौड़ामाजरा (समाना विधानसभा) और कुंवर विजय प्रताप सिंह (अमृतसर उत्तर) ने इस्तीफा देकर सोमवार को भाजपा के नई दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पंजाब भाजपा प्रभारी सतीश पूनिया, सह-प्रभारी वीरेंद्र सचदेवा, पंजाब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों तथा राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष ऊषा अग्रवाल भी मौजूद थे।

हरमीत सिंह पठानमाजरा (सनौर), चेतन सिंह जौड़ामाजरा (समाना) और कुंवर विजय प्रताप सिंह (अमृतसर उत्तर) ने भाजपा की नीतियों में विश्वास जताया

पंजाब का विकास पीएम मोदी ही करेंगे

इन विधायकों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों और नेतृत्व से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थामा। उन्होंने कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार भ्रष्टाचार, नशे, गैंगस्टरवाद, बेरोजगारी और कर्ज जैसे मुद्दों पर विफल रही है। तीनों पूर्व विधायकों ने पंजाब में शांति, खुशहाली, विकास और सुशासन बहाल करने तथा 2027 में भाजपा के नेतृत्व में बदलाव लाने के उद्देश्य से पार्टी में शामिल होने की बात कही। तीनों विधायकों ने स्पष्ट रूप से कहा कि पंजाब का विकास प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ही कर सकती है। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा ही पंजाब को विकास के रास्ते पर अग्रसर कर सकती है।

आशीष ऊषा अग्रवाल ने कराया परिचय

कार्यक्रम का संचालन करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष ऊषा अग्रवाल ने कहा कि आज का दिन पंजाब की राजनीति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। कुंवर विजय प्रताप सिंह वर्ष 2022 से पंजाब की अमृतसर उत्तर विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं और 1998 बैच से वर्ष 2021 तक पुलिस सेवा में रहे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न दायित्व निभाए और अंतिम रूप से आईजीपी के पद पर कार्य किया। वर्ष 2021 में पुलिस सेवा से इस्तीफा देकर उन्होंने सामाजिक और राजनीतिक जीवन में प्रवेश किया। हरमीत सिंह पठानमाजरा पंजाब की सनौर विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह तीन दशकों से अधिक समय से राजनीतिक और सामाजिक जीवन मे सक्रिय हैं। उनके पिता भी लंबे समय तक राजनीति में सक्रिय रहे। उन्होंने सरपंच, ब्लॉक समिति के चेयरमैन और शिरोमणि अकाली दल की युवा इकाई के जिला अध्यक्ष सहित विभिन्न दायित्व निभाए हैं। चेतन सिंह जौड़ामाजरा पंजाब की समाना विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह पंजाब सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं।

चक्रवाती तूफान 'मुरासु' आंध्र तट से टकराया

अमरावती/चेन्नई। चक्रवात मुरासु ने सोमवार देर रात करीब 1 बजे आंध्र प्रदेश के ओंगोल के पास तट से टकराना शुरू किया। इसका लैंडफॉल नेल्लोर और नरसापुर के बीच ओंगोल के पास जारी है। यह प्रक्रिया दो घंटे में पूरी होने की उम्मीद है। मौसम विभाग के मुताबिक, 100-110km प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं, जो कि 120km प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं। चक्रवात के असर से विजयवाड़ा में भारी बारिश हुई, जिससे कई सड़कें डूब गईं। IMD ने अगले 12 घंटों तक गुंटूर, बापटला, कृष्णा, नेल्लोर और प्रकाशम जिलों के निचले इलाकों में तूफानी लहरों से बाढ़ का खतरा जताया है।


नीलकेणि कमेटी का कार्यकाल बढ़ा

50,000 से अधिक सुझावों पर मंथन

कमेटी 2027 की शुरुआत में ही सौंपेगी एग्जाम रिफॉर्म का प्लान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में परीक्षाओं को पूरी तरह सुरक्षित और पेपर-लीक प्रूफ बनाने के लिए काम कर रहे हाई पावर टास्क फोर्स को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है।



नंदन नीलकेणि

केंद्र सरकार ने इन्फोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलकेणि की अगुवाई वाले इस विशेष पैनल का कार्यकाल बढ़ा दिया है। टास्क फोर्स को अब अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपने के लिए जनवरी 2027 तक का समय दिया गया है।

इस छह सदस्यीय हाई-पावर कमेटी का गठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसी साल 25 जुलाई को किया गया था। अब तक इस टास्क फोर्स को देश भर के छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, शैक्षणिक संस्थानों और परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों से 50,000 से अधिक महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हो चुके हैं।

प्रगति की जानकारी दी

सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल करके इस पैनल द्वारा अब तक की गई प्रगति की पूरी जानकारी भी शेयर की है। इस कमेटी के अन्य सदस्यों में इसरो के पूर्व अध्यक्ष एस सोमनाथ, आईबी के पूर्व निदेशक तपन डेका, आईआईटी मद्रास के निदेशक वी कामकोटि, पूर्व शिक्षा सचिव अनिता करवाल और लॉजिस्टिक्स एक्सपर्ट अमृत लाल मीना शामिल हैं।

जयपुर में सिंधी कैंप से ही चलेंगी रोडवेज बसें

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में ट्रैफिक पुलिस ने दिवाली के मौके पर 7 दिन तक सिंधी कैंप बस स्टैंड से रोडवेज बसें नहीं चलाने का आदेश वापस ले लिया है। रोडवेज प्रशासन ने इसका विरोध किया तो ट्रैफिक पुलिस ने कहा- यह केवल एडवाइजरी थी, कोई आदेश नहीं था। ट्रैफिक डीसीपी प्रवीण नायक ने कहा- त्योहार के मौके पर सिंधी कैंप की जगह अन्य कुछ जगहों से बसों के संचालन का सुझाव दिया था, ताकि शहर में ट्रैफिक का लोड कम हो सकेगा। उन्होंने कहा- रोडवेज या प्राइवेट बसों की सिंधी कैंप या शहर के अन्य इलाकों में एंट्री बंद नहीं की गई है।

अभिनेता इमरान खान ने बॉम्बे हाईकोर्ट की फटकार के बाद दिया हलफनामा

7 दिसंबर तक भारत छोड़ने के नोटिस पर रोक

प्रदर्शन में शामिल होने पर मांगी बिना शर्त माफी भविष्य में प्रदर्शनों में शामिल नहीं होने का भरोसा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता इमरान खान ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मुंबई में हुए प्रदर्शन में शामिल होने पर बॉम्बे हाईकोर्ट से बिना शर्त माफी मांग ली। अदालत की फटकार के बाद उन्होंने हलफनामा दाखिल कर भविष्य में एसआईआर के विरोध में होने वाले प्रदर्शनों में शामिल नहीं होने का भरोसा भी दिया। इसके बाद अदालत ने उनके खिलाफ जारी 'लीव इंडिया नोटिस' पर लगी रोक 7 दिसंबर तक बढ़ा दी।



इमरान को कोर्ट में पेश किया गया

14 अक्टूबर को जारी हुआ था नोटिस

इमरान खान अमेरिकी नागरिक हैं और उनके पास ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्ड है। 10 अक्टूबर को मुंबई में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया था। इसके बाद भाजपा नेता किरीट सोमैया ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने अभिनेता पर ओसीआई नियमों और वीजा शर्तों के उल्लंघन का आरोप लगाया था।

साइबर विशेषज्ञ जुटे जांच में

गायक दिलजीत दोसांझ के इंदौर कॉन्सर्ट में बम धमाके की धमकी



▶▶ 15 नवंबर को इसी मैदान में होना है कार्यक्रम
▶▶ 3 स्कूलों को भी मिले ई-मेल लिखा बच्चों को नहीं भेजें

एजेंसी ▶▶ इंदौर

पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ के 15 नवंबर को इंदौर में होने वाले लाइव कॉन्सर्ट पर धमकी का साया मंडरा रहा है। आतंकी संगठन के नाम से भेजे गए ई-मेल में कार्यक्रम के दौरान आईईडी से धमाके करने की चेतावनी दी गई है। यही नहीं, इंदौर के तीन स्कूलों को भी धमकी भरे ई-मेल भेजकर कहा गया है कि वे अपने बच्चों को कॉन्सर्ट में न भेजें, क्योंकि वहां बम विस्फोट किए जाएंगे। धमकी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। ई-मेल इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव के कार्यालय सहित कई अन्य लोगों को भी भेजा गया है। इसमें मुंबई में अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को उड़ाने की धमकी भी दी गई है। यह मेल 'खालिस्तानी नेशनल आर्मी' के नाम से भेजा गया है। इसमें खुद को इंजीनियर गुरानाख सिंह, रुखन शाहवाला, डॉ. गुरनिरवेर सिंह और बब्बर खालसा के प्रोफेसर गुरकाल सिंह पीएचडी बताने वालों के नाम दर्ज हैं।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक सोमवार सुबह तीन स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिले।

वायुसेना प्रमुख एयर-चीफ मार्शल पहले दौरे पर उतरलाई एयरबेस पहुंचेः ऑपरेशनल तैयारियों का जायजा लिया, जवानों से बातचीत कीं





थिंक राजस्थान • बाड़मेर

भारतीय वायुसेना के प्रमुख का पदभार संभालने के बाद एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित रविवार को अपने पहले दौरे पर राजस्थान में बाड़मेर के वायुसेना स्टेशन उतरलाई पहुंचे। भारत-पाकिस्तान सीमा के पास स्थित इस एयरबेस के दौरे के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और ऑपरेशनल तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने एयरबेस की क्षमताओं, परिचालन तैयारियों और निर्धारित सैन्य अभियानों को अंजाम देने की क्षमताओं का भी आकलन किया।

जानकारी के अनुसार, यह दौरा एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित के लिए खास महत्व रखता है, क्योंकि उतरलाई एयरबेस उनके लिए नया नहीं है। वर्ष 2013 में एयर कमोडोर के पद पर रहते हुए उन्होंने इसी एयरबेस के एयर ऑफिसर कमांडिंग (एओसी) के रूप में कमान संभाली थी। एक दशक से अधिक समय बाद उसी स्टेशन पर उनकी वापसी हुई, लेकिन इस बार वे भारतीय वायुसेना के सर्वोच्च पद पर आसीन होकर पहुंचे। दौरे के दौरान एयर चीफ मार्शल दीक्षित ने एयरबेस की परिचालन क्षमताओं, सुरक्षा व्यवस्था और समग्र तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्धारित मिशनों को पूरा करने और उभरती परिचालन जरूरतों के अनुरूप तत्काल कार्रवाई करने की स्टेशन की क्षमता का आकलन किया। इस दौरान सामरिक रूप से महत्वपूर्ण इस अग्रिम एयरबेस पर तैनात जवानों, अधिकारियों और उपलब्ध बुनियादी ढांचे की तैयारियों पर भी ध्यान दिया गया। एयर चीफ मार्शल ने महिला अग्निवायु सहित अग्निवायु कर्मियों से भी बातचीत कीं। उन्होंने वायुसेना की युद्धक क्षमता और परिचालन प्रभावशीलता को मजबूत बनाने में युवा कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वायुसेना की क्षमताओं को बढ़ाने में युवा साथियों का योगदान अहम है।

ब्रीफ न्यूज

अजमेर में एक ही दिन नाबालिग सहित 3 लड़कियां लापता

थिंक राजस्थान • अजमेर

अजमेर में अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो युवतियों और एक नाबालिग किशोरी के लापता होने के मामले सामने आए हैं। तीनों के 31 अक्टूबर को घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने पुलिस को रिपोर्ट दी। अलवरगेट थाना क्षेत्र में दो गुमशुदगी के मामले दर्ज हुए हैं, जबकि एक मामला कृष्णगंज थाना क्षेत्र से जुड़ा है। एक मामले में युवती के घर से 30 हजार रुपए और मूल आधार कार्ड लेकर जाने की जानकारी भी सामने आई है। पुलिस ने तीनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। अलवरगेट थाना क्षेत्र में एक युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार युवती 31 अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे घर से निकली थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। इस संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। कृष्णगंज थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार 31 अक्टूबर को परिजन शादी के कार्ड देने गांव गए हुए थे। घर लौटने पर युवती नहीं मिली। आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। रिपोर्ट में बताया गया कि युवती शादी के लिए रखे 30 हजार रुपए और अपना मूल आधार कार्ड लेकर गई है। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

नितोड़ा गांव में खेत पर आया मगरमच्छः रात को रेस्क्यू किया

थिंक राजस्थान • सिरोही

सिरोही जिले के नितोड़ा गांव में रविवार देर रात डोला कृषि कुएं पर मगरमच्छ दिखाई दिया। खेत पर रहने वाले लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। रात करीब 12 बजे वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ा और रेस्क्यू किया। मगरमच्छ को पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। यह घटना अलसुबह से गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है।



दो साल से फरार 30 हजार का इनामी तस्कर गिरफ्तारः बचने के लिए मोबाइल नहीं रखा

1347 किलो डोडा पोस्त तस्करी में था वांछित

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर की पश्चिम जिला स्पेशल टीम (DST) ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पिछले 2 साल से अधिक समय से फरार चल रहे 30 हजार रुपए के इनामी तस्कर हुक्माराम को गिरफ्तार किया है। आरोपी अगस्त 2024 से पीपाड़ शहर थाने में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में वांछित था। जोधपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ने उसकी गिरफ्तारी पर 30 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस के अनुसार, 23 अगस्त 2024 को पीपाड़ शहर थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक बिना नंबर की पिकअप से 1347.72 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया था।

पुलिस को देखकर पिकअप में सवार हुक्माराम पुत्र रामूराम जाट निवासी बम्बोर मौके से फरार हो गया था। इसके बाद से ही पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शातिर तस्कर पुलिस की पकड़ से बचने के लिए बेहद सतर्कता बरत रहा था। वह गिरफ्तारी के डर से मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करता था और लगातार अपने ठिकाने बदलकर अलग-अलग जगहों पर फरारी काट रहा था। पुलिस आयुक्त अंशुमन भौमिया और पुलिस उपायुक्त पश्चिम कमल शेखावत के निर्देशन में DST टीम आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। इसी दौरान विशेष मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर टीम ने घेराबंदी कर हुक्माराम को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में सउनि महादेव प्रसाद, हेड कांस्टेबल राजूसिंह, गंगासिंह और कांस्टेबल हनुमानराम, धीरज, रामसिंह, डूंगरसिंह, दलाराम व लादूराम शामिल रहे।



जोधपुरः 11.63 किलो डोडा पोस्त के साथ बुजुर्ग-तस्कर गिरफ्तार

डीएसटी टीम और पुलिस की कार्रवाई, एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया मामला

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जोधपुर कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। राजीव गांधी नगर थाना पुलिस और डीएसटी पश्चिम की संयुक्त टीम ने 63 वर्षीय बुजुर्ग को डोडा पोस्त की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 11.632 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त चूरा बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, राजीव गांधी नगर थानाधिकारी रविन्द्र पाल सिंह को डीएसटी पश्चिम प्रभारी महादेव प्रसाद से आरोपी के पास अवैध मादक पदार्थ होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम ने गांव सरहद बैरू में दबिश दी। यहां से धोकलराम (63) पुत्र जोराराम, निवासी बैरू को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 11.632 किलोग्राम डोडा पोस्त चूरा मिला।



पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले की आगे की जांच सूरसागर थानाधिकारी हरिशचन्द्र सोलंकी को सौंपी गई है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त से जुड़े नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी डोडा पोस्त कहां से लाया था और इसकी सप्लाई किसे की जानी थी। कार्रवाई में हेड कॉन्स्टेबल अजीतसिंह, पिन्टूसिंह, कॉन्स्टेबल प्रेमाराम, हरीश और रामचंद्र शामिल रहे। वहीं डीएसटी पश्चिम टीम से प्रभारी महादेव प्रसाद, हेड कॉन्स्टेबल राजूसिंह शामिल रहे।

जगन्नाथ यूनिवर्सिटी; एल्युमनी जयपुर चैप्टर मीट, पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान



थिंक राजस्थान • जयपुर

जगन्नाथ यूनिवर्सिटी की ओर से 31 अक्टूबर 2026 को होटल राणाविलास पैलेस, सीतापुरा में प्रथम Alumni Jaipur Chapter Meet-2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 पूर्व विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश प्रेमी ने एल्युमनी नेटवर्क को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि पूर्व विद्यार्थी किसी भी विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण पहचान एवं धरोहर होते हैं। इस अवसर पर प्रो-वाइस चांसलर प्रो. ओम प्रकाश शर्मा ने भी पूर्व विद्यार्थियों को संबोधित किया तथा विश्वविद्यालय के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री सिद्धार्थ सिंह ने आयोजन के सफल संचालन एवं समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विश्वविद्यालय और पूर्व विद्यार्थियों को एक मंच पर जोड़ने के साथ-साथ सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करते हैं। संयुक्त कुलसचिव श्री राकेश इसरानी ने अपने संदेश में इस पहल की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय एवं पूर्व विद्यार्थियों के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग की कामना की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की एल्युमनी पत्रिका Alma Konnect के पांचवें एवं छठे संस्करण का विमोचन किया गया। साथ ही उद्यमिता, सामाजिक सेवा, शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों के क्षेत्र में योगदान देने वाले पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में डीन एल्युमनी डॉ. रेनू बागोरिया ने सभी अतिथियों, पूर्व विद्यार्थियों एवं आयोजन में सहयोग देने वाले सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

गीता विप्र फाउंडेशन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

थिंक राजस्थान • सिरोही

नगर परिषद सिरोही की भाजपा पार्षद, सामाजिक कार्यकर्ता गीता राजपुरोहित को विप्र फाउंडेशन में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। यह घोषणा फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष चिरंजी लाल दवे, प्रदेश प्रभारी नवीन जोशी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. शीला आसोपा की अनुशंसा पर की गई। नया दायित्व मिलने पर गीता राजपुरोहित ने विप्र फाउंडेशन परिवार का धन्यवाद किया। उन्होंने जितेंद्र गौड़ राष्ट्रीय सचिव, दिनेश दवे नवीन, घनश्याम व्यास, आनंद मिश्रा, हिम्मत राजपुरोहित का आभार जताया। राजपुरोहित ने कहा कि वे महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा के क्षेत्र में फाउंडेशन परिवार के निर्देश अनुसार काम करेंगी।



मेडिकल कॉलेज रैगिंग मामले में 19 स्टूडेंट सस्पेंड

जूनियर्स ने सीनियर स्टूडेंट्स पर बॉस कहने का दबाव बनाने और अभद्र भाषा का आरोप लगाया था

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर के डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के स्टूडेंट्स के साथ सीनियर द्वारा रैगिंग करने का मामला सामने आया है। कॉलेज ने एंटी-रैगिंग समिति की अनुशंसा पर 19 सीनियर स्टूडेंट्स को सस्पेंड किया है। इनमें 14 स्टूडेंट्स को एक महीने और 5 स्टूडेंट्स को तीन माह के लिए सस्पेंड किया गया है। एमबीबीएस-2026 बैच के जूनियर स्टूडेंट्स ने शुक्रवार को नेशनल मेडिकल कांउसिल(एनएमसी) को मेल किया था। मेल में 4 से 5 सीनियर स्टूडेंट्स के नाम थे। मेल में लिखी शिकायत के अनुसार- सीनियर स्टूडेंट्स ने जूनियर बैच के स्टूडेंट्स पर उन्हें बॉस कहने का दबाव बनाया। अभद्र भाषा बोलने का भी आरोप लगाया गया है।



मामला सामने आने के बाद इसे एंटी रैगिंग कमेटी को भेज दिया गया था। एनएमसी ने शुक्रवार शाम डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के मैनेजमेंट को इसकी जानकारी दी थी। इसके बाद कॉलेज में शनिवार को एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक हुई थी। मेल में जिन सीनियर स्टूडेंट के नाम थे, उन्हें भी बैठक में बुलाया गया। उनका पक्ष जाना गया और मोबाइल भी चेक किए गए।

इंट्रोडक्शन के बहाने रैगिंग की शिकायत

मे डिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. बीएस जोधा के अनुसार- मेल में शिकायत की गई है कि सीनियर स्टूडेंट्स ने जूनियर बैच के स्टूडेंट के साथ इंट्रोडक्शन के बहाने रैगिंग की। अभद्र भाषा से अपमानित किया गया। इसके साथ ही सीनियर को बॉस कहने की भी शिकायत की गई थी। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. बीएस जोधा की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि इन सीनियर स्टूडेंट्स को जूनियर विद्यार्थियों के साथ गंभीर अनुशासनहीनता एवं अनुचित व्यवहार की एक्टिविटी में लिप्त पाया गया है। इनमें 14 स्टूडेंट्स को तत्काल प्रभाव से अगले एक महीने तक क्लिनिकल पोस्टिंग, एकेडमिक, टीचिंग प्रोग्राम में शामिल होने और छात्रावास, लाइब्रेरी और रीडिंग रूम की सुविधाओं का उपयोग करने से सस्पेंड किया जाता है। वहीं, पांच स्टूडेंट्स तीन माह के लिए सस्पेंड किया गया है।

हाई कोर्ट ने राहुल कुमार के निलंबन आदेश पर रोक लगाई

थिंक राजस्थान • सिरोही

राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर पीठ ने सिरोही जिले के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल, जीरावल में कार्यरत राहुल कुमार को अंतरिम राहत दी है। न्यायालय ने जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला कलेक्टर सिरोही द्वारा जारी निलंबन आदेश के प्रभाव और क्रियान्वयन पर रोक लगा दी। यह आदेश न्यायमूर्ति कुलदीप माथुर की एकलपीठ ने राहुल कुमार की सिविल रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। प्रकरण के अनुसार कलेक्टर सिरोही ने 24 अक्टूबर 2026 को राहुल कुमार को निलंबित किया था। राहुल कुमार ने जोधपुर हाईकोर्ट में स्वयं उपस्थित होकर पैरवी की।

2 बाइक भिड़ी, एक की मौत, 3 घायलः दो घायल जोधपुर रेफर

थिंक राजस्थान • पाली

पाली जिले में सोमवार को दो बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि तीन जने घायल हो गए। दो घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद जोधपुर रेफर किया गया। हादसा रोहट थाना क्षेत्र के सिगणारी गांव की पुलिया के पास हुआ।

रोहट थाने की एसएचओ पाना चौधरी ने बताया- थाना क्षेत्र के सिणगारी गांव पुलिया के पास सोमवार को दो बाइक में टक्कर हो गई। एक बाइक पर सवार सोनाई लाखा गांव निवासी श्रवण पुत्र जोगाराम पटेल, तनु पुत्री राजाराम, अमीषा पटेल पुत्री श्रवण राम थे। दूसरी बाइक पर सोनाई लाखा गांव निवासी भीमाराम पुत्र चंद्राराम मेघवाल था। दोनों की बाइक में सिणगारी गांव पुलिया के निकट एक्सीडेंट हो गया। हादसे में सोनाई लाखा गांव निवासी श्रवण पटेल की मौत हो गई। वही भीमाराम व अनीषा को जोधपुर रेफर किया गया है।



निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के लिए अधिकारी सतर्क रहें: सुराणा



थिंक राजस्थान • चूरू

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर अभिषेक सुराणा और पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने सोमवार को राजगढ़ उपखंड के चांदगोठी, थिरपाली बड़ी और नुहंद गांव के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर चुनाव तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, साफ-सफाई और मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जांच की। कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने और आपसी समन्वय से जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान निष्पक्ष और शांतिपूर्ण हो तथा मतदाता बिना किसी भय के अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। एसपी निश्चय प्रसाद एम ने पुलिसकर्मियों को सतर्कता से ड्यूटी करने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। चांदगोठी में उन्होंने पुलिस जवानों से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली, जबकि थिरपाली बड़ी और नुहंद में मतदान केंद्रों व मतदान दलों की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान एएसपी रिछपाल चारण सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

'देवी विज्ञानम्' का ट्रेलर जयपुर में होगा लॉन्च



थिंक राजस्थान • जयपुर

आराध्य देवी मां करणी की महिमा और सनातन संस्कृति पर आधारित हिंदी फिल्म 'देवी विज्ञानम्' का ट्रेलर मंगलवार को जयपुर में लॉन्च किया जाएगा। लालकोठी स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में शाम 4 बजे होने वाले समारोह में शिव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रविंद्र सिंह भाटी सहित संत-महात्मा, जनप्रतिनिधि, सामाजिक हस्तियां और फिल्म जगत के कलाकार शामिल होंगे। फिल्म 4 दिसंबर 2026 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में आस्था और विज्ञान के संबंध को रहस्य और रोमांच के साथ प्रस्तुत किया गया है। कहानी ऐसे व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है, जो शुरुआत में धर्म और ईश्वर में विश्वास नहीं करता। जीवन में घटित कुछ अप्रत्याशित घटनाएं उसके नजरिए को बदल देती हैं। उसकी यात्रा अविश्वास से आस्था और अधर्म से धर्म की ओर परिवर्तन को दर्शाती है।

भूमिकाओं में टिकू तलसानिया और पूजा जोशी

फिल्म में अभिनेता टिकू तलसानिया, पूजा जोशी, के. आर्यवर्धन और चेतन धनानी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन कर्तव्य शाह ने किया है। माँ करणी के अनन्य भक्त के. आर्यवर्धन ने एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाई है, जिसका जीवन आध्यात्मिक परिवर्तन से गुजरता है। निर्माताओं के अनुसार, फिल्म के माध्यम से भारतीय संस्कृति, सनातन मूल्यों और माँ करणी की महिमा को आधुनिक सिनेमाई तकनीक के जरिए देशभर के दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इसमें विशेष रूप से युवा पीढ़ी को भारतीय आध्यात्मिक परंपरा से जोड़ने का उद्देश्य रखा गया है।

जयपुर में बच्चे के सामने असम की महिला से मारपीट: दंपती ने लिफ्ट में जाते समय बाल पकड़कर पीटा, कपड़े सुखाने को लेकर हुआ विवाद; पति गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में कपड़े सुखाने को लेकर विवाद हो गया। सिरसी रोड स्थित एक अपार्टमेंट में रहने वाले दंपती ने असम मूल की महिला के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं पति-पत्नी ने नस्लभेदी टिप्पणियां भी की। लिफ्ट में जाते समय आरोपी पति-पत्नी ने महिला के बाल खींचे और मारपीट की। मामले में बिंदायका थाना पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, मारपीट के आरोपी पति अभिनव जैन को पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। बिंदायका थानाधिकारी अनिल जैमिनी ने बताया कि घटना 31 अक्टूबर को सिरसी इलाके के एक अपार्टमेंट की है। यहां असम मूल की महिला का अपार्टमेंट में रहने वाले अभिनव जैन और उसकी पत्नी सोमा जैन से छत पर कपड़े सुखाने की बात को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि इसके बाद जब पीड़िता लिफ्ट में जा रही थी, तब अभिनव जैन ने लिफ्ट का गेट रोक लिया और उसकी पत्नी सोमा जैन ने महिला के साथ मारपीट की। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें महिला पीड़िता के बाल पकड़कर मारपीट करती नजर आ रही है। घटना के दौरान पीड़िता का तीन साल का बच्चा भी मौजूद था।



इस मामले में असम एसोसिएशन ने भी हस्तक्षेप करते हुए पति-पत्नी पर नस्लभेदी और आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगाया है। एसोसिएशन की ओर से जारी बयान के अनुसार, पीड़ित महिला पिछले 8 महीने से अपने पति और तीन साल के बच्चे के साथ सिरसी रोड स्थित अपार्टमेंट में रह रही हैं। उनके पति एक बैंक में कार्यरत हैं।

एसोसिएशन का आरोप है कि पीड़िता छत पर कपड़े सुखाने गई थी। इस दौरान अभिनव जैन ने पूर्वोत्तर भारत की पहचान को लेकर नस्लभेदी और आपत्तिजनक टिप्पणी की। विरोध करने पर अभिनव जैन और उसकी पत्नी सोमा जैन ने महिला के साथ अभद्रता और मारपीट की। एसोसिएशन ने यौन उत्पीड़न के आरोप भी लगाए हैं। थानाधिकारी के अनुसार, पीड़िता की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी पति को शांतिभंग की धाराओं में गिरफ्तार किया गया है। मामले में जांच जारी है। वहीं, असम एसोसिएशन ने घटना की निष्पक्ष जांच कराने और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि तीन साल के बच्चे के सामने महिला के साथ मारपीट हुई और पूर्वोत्तर भारत के लोगों को लेकर की गई कथित नस्लभेदी टिप्पणियों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

साइबर ठगी में दोहरी राहत: न FIR, ना कोर्ट के चक्कर; 134 करोड़ फ्रीज, 11 हजार पीड़ितों के 7.52 करोड़ लौटाने के आदेश

थिंक राजस्थान • जयपुर

बिना जानकारी खाते में रकम आने पर फ्रीज खाता खुलवा सकेंगे; 50 हजार से कम रकम वापसी के लिए कोर्ट आदेश जरूरी नहीं साइबर ठगी के मामलों में आमजन को अब दोहरी राहत मिल रही है। पहली, खाते से ठगी की रकम निकलने पर उसे वापस पाने के लिए पुलिस और कोर्ट के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। दूसरी, साइबर अपराधियों ने बिना जानकारी आपके खाते में ठगी का पैसा ट्रांसफर कर दिया और पुलिस ने खाता फ्रीज कर दिया तो उसे भी जांच के बाद खुलवाया जा सकेगा। इन परेशानियों से राहत दिलाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय के आई4सी ने ग्रीवांस रिड्रेसल मॉड्यूल (जीआरएम) और मनी रेस्टोरेशन मॉड्यूल (एमआरएम) शुरू किए हैं। राजस्थान में पुलिस और बैंकों के रियल-टाइम तालमेल से संदिग्ध खातों में 134.43 करोड़ रुपए ब्लॉक किए गए हैं। वहीं, 11,175 पीड़ितों के 7.52 करोड़ रुपए लौटाने के आदेश जारी हुए हैं। दोनों पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में राजस्थान की स्थिति सुधरकर अब ग्रीन जोन में आ गई है। जीआरएम और एमआरएम की नियमित निगरानी पीएम प्रगति पोर्टल के जरिए भी की जाती है।

सायबर अपराध के मामलों में किसी व्यक्ति के बैंक खाते में उसकी जानकारी के बिना ठगी की रकम आने पर साइबर शिकायत या लीन लगने से खाता फ्रीज हो सकता है। ऐसे में खाताधारक बैंक के जरिए जीआरएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवा सकता है। इसके बाद बैंक और जांच एजेंसी खाते की केवाईसी और ट्रांजेक्शन की जांच करते हैं। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर खाता अनफ्रीज किया जा सकता है। शिकायत खारिज होने पर राज्य स्तर पर अपील का विकल्प भी है। राजस्थान में डेबिट फ्रीज के 1478 अनुरोध मिले, जिनमें से 1073 का निस्तारण हो चुका है। इसके साथ ही संदिग्ध मामलों में 134.43 करोड़ रुपए ब्लॉक कर सुरक्षित किए गए हैं। पहले साइबर ठगी की रकम आरोपी के खाते में फ्रीज होने के बावजूद पीड़ित को उसे वापस पाने के लिए पुलिस और कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ते थे। अब मनी रेस्टोरेशन मॉड्यूल (एमआरएम) के जरिए 50 हजार रुपए से कम के लेन-देन वाले मामलों में कोर्ट आदेश की अनिवार्यता खत्म की गई है। शिकायत मिलने पर संबंधित बैंक और जांच एजेंसी प्राथमिक जांच व सत्यापन कर रकम सीधे पीड़ित के मूल खाते में ट्रांसफर कर सकते हैं। राजस्थान में 17,147 पीड़ितों ने 10.53 करोड़ रुपए वापस पाने के आवेदन किए थे। इनमें 11,175 पीड़ितों के 7.52 करोड़ रुपए लौटाने के आदेश जारी हो चुके हैं। राशि की बहाली का 71 प्रतिशत है और राजस्थान देश में 13वें स्थान

तेज रफ्तार गाड़ी ने कार को मारी टक्कर: टायर फटा, ड्राइवर फरार

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर के मालवीय नगर सेक्टर-7 में शनिवार देर रात हिट एंड रन का मामला सामने आया। रात करीब एक बजे तेज रफ्तार स्कोडा कार ने घर के बाहर खड़ी वोक्सवैगन कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वोक्सवैगन का पिछला टायर तेज धमाके के साथ फट गया और उसकी रिम भी चकनाचूर हो गई। टक्कर के बाद कार आगे लगे बिजली पोल से जा भिड़ी। इससे पोल भी टूट गया। हादसे के बाद स्कोडा सवार मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार वोक्सवैगन कार मालवीय नगर सेक्टर-7 स्थित एसबीआई से रिटायर एजीएम शंकर लाल बुनकर की है। वह रोज अपनी कार घर के बाहर चारदीवारी के पास खड़ी करते हैं। शनिवार रात भी कार घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान गली में तेज रफ्तार से आई स्कोडा ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। मौके पर पहुंचे लोगों ने देखा कि वोक्सवैगन कार क्षतिग्रस्त हालत में पोल से टकराई हुई थी, जबकि स्कोडा ड्राइवर मौके से भाग चुका था। बताया जा रहा है कि हादसे में शामिल स्कोडा कार सुनीता शर्मा के नाम पर रजिस्टर्ड है। कार के ओवरस्पीडिंग के तीन चालान पहले भी हो चुके हैं। हादसे के बाद पीड़ित शंकर लाल बुनकर ने जवाहर सर्किल थाने में रिपोर्ट दी है।

भारतीय-अमेरिकी समुदाय के समारोह में किया सम्मानित

हीरा कारोबारी अशोक संचेती को कौटिल्य पुरस्कार

थिंक राजस्थान • जयपुर



राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (राना) के संरक्षक सदस्य, हीरा व्यवसायी और समाजसेवी अशोक कुमार संचेती को न्यूयॉर्क में प्रतिष्ठित कौटिल्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एसोसिएशन ऑफ इंडियंस इन अमेरिका (एआईए) नेशनल के बिजनेस काउंसिल अवॉर्ड्स समारोह में यह सम्मान दिया गया।

एसोसिएशन ऑफ इंडियंस इन अमेरिका (एआईए) नेशनल के बिजनेस काउंसिल अवॉर्ड्स समारोह का आयोजन 1 नवंबर को लॉन्ग आइलैंड स्थित क्रेस्ट हॉलो कंट्री क्लब में हुआ। समारोह में राना के अन्य संरक्षक सदस्य और विश्वविख्यात इंटरवेंशनल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. समीन शर्मा इस आयोजन के गाला चेयर रहे। राना अध्यक्ष प्रेम भंडारी ने संचेती को मिले सम्मान और डॉ. शर्मा की भूमिका को पूरे राना परिवार के लिए गर्व का विषय बताया।

इस वर्ष कौटिल्य पुरस्कार से सम्मानित 5 हस्तियों में पायनियर जेम्स एलएलसी के अध्यक्ष अशोक कुमार संचेती, पीएंडजी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिलेट नॉर्थ अमेरिका के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज भल्ला, क्रिस्पर थेरेप्यूटिक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. समर्थ कुलकर्णी, एक्वस के अध्यक्ष अरविंद मेलिगेरी और वेल्स फार्गो एडवाइजर्स के प्रबंध निदेशक याकूब मैथ्यू शामिल रहे।

20 अगस्त 1967 को स्थापित एसोसिएशन ऑफ इंडियंस इन अमेरिका (एआईए) अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों का सबसे पुराना राष्ट्रीय संगठन है। करीब छह दशकों से यह संस्था भारतीय विरासत, संस्कृति, शिक्षा और समाजसेवा को बढ़ावा देने के साथ भारतीय-अमेरिकी समुदाय को एकजुट करने में भूमिका निभा रही है। समारोह में राना के संरक्षक सदस्यों, पदाधिकारियों और निदेशक मंडल के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। राना अध्यक्ष प्रेम भंडारी के साथ संरक्षक सदस्य के.के. मेहता, डॉ. नरिंदर कुकर और हरिदास कोटेवाला उपस्थित रहे।

राना के प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष डॉ. शरद कोठारी, सचिव रवि जारगढ़, कोषाध्यक्ष नीलम मोदी, संयुक्त सचिव अमित सराफ और अमित शोरवाला तथा निदेशक मंडल के सदस्य दीप चोपड़ा और नितिन धारीवाल शामिल थे। नीलम मोदी एआईए नेशनल की राष्ट्रीय सचिव भी हैं। उन्होंने समारोह में बैंक्वेट चेयर की जिम्मेदारी संभाली।

इसके अलावा बृहद न्यूयॉर्क सीनियर्स के अध्यक्ष अजय पटेल, जयपुर फुट यूएसए के कोषाध्यक्ष एवं समारोह के आयोजन अध्यक्ष हरीश ठक्कर और जयपुर फुट यूएसए से निक गर्ग भी मौजूद रहे। अशोक संचेती जयपुर फुट यूएसए के सलाहकार भी हैं।

5 को पैदल मार्च करेंगे रेल मंत्री वैष्णव: SIR पर कांग्रेस के दुष्प्रचार के खिलाफ भाजपा करेगी प्रदर्शन

सांसद मंजू शर्मा भी चलेंगी साथ

थिंक राजस्थान • जयपुर



जयपुर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत केंद्रीय रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव पैदल मार्च करेंगे। जयपुर सांसद और कार्यक्रम संयोजक मंजू शर्मा पदयात्रा में शामिल होंगी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर कांग्रेस के आरोपों का जवाब देने के लिए भाजपा 5 नवंबर को जयपुर में सड़कों पर उतरेगी। सांसद मंजू शर्मा ने बताया- पदयात्रा से पहले रामलीला मैदान में जनसभा होगी। इसमें अश्विनी वैष्णव सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं और आमजन को संबोधित करेंगे। इसके बाद रामलीला मैदान से चौड़ा रास्ता होते हुए त्रिपोलिया गेट तक करीब सवा किलोमीटर की सांकेतिक पदयात्रा निकाली जाएगी।

जनता में भ्रम फैला रही है कांग्रेस: मंजू शर्मा

सांसद मंजू शर्मा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस एसआईआर को लेकर भ्रामक दावों के जरिए जनता में भ्रम पैदा कर रही है और चुनावी प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर रही है। भाजपा ने दीपावली के खरीदारी सीजन में व्यापारियों और आमजन की सुविधा देखते हुए पदयात्रा का रूट छोटा रखा है। परकोटे के बाजारों में त्योहार के दौरान खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। ऐसे में लंबे मार्च से ट्रैफिक जाम, दुकानदारों के कारोबार और लोगों की आवाजाही को प्रभावित कर सकता था। इसे देखते हुए पदयात्रा का मार्ग रामलीला मैदान से त्रिपोलिया गेट तक सीमित रखा गया है। पदयात्रा की तैयारियों को लेकर हाल ही भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में जयपुर सांसद मंजू शर्मा, प्रदेश महामंत्री एवं जयपुर संभाग प्रभारी श्रवण सिंह बगड़ी, विधायक कालीचरण सराफ, विधायक बालमुकुंदाचार्य सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

स्काउट-गाइड प्रतियोगिता रैली का समापन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, प्रतिभागी सम्मानित



थिंक राजस्थान • चूरू

राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड, स्थानीय संघ चूरू की ओर से आयोजित स्थानीय संघ स्तरीय प्रतियोगिता रैली एवं तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह उत्साह के साथ हुआ। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण भी किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज चूरू के सीनियर लीगल ऑफिसर अयूब खान आलमाण तथा विशिष्ट अतिथि जिला कमांडेंट होमगार्ड डॉ. प्रियंका कड़वासरा रहे। अतिथियों ने शिविर के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी बिसाऊ, डॉ. जाकिर हुसैन शिक्षण संस्थान, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय और आपणी पाठशाला के स्काउट्स ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। अतिथियों ने विद्यार्थियों के अनुशासन, मेहनत और टीम भावना की सराहना करते हुए कहा कि स्काउटिंग से सेवा, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. जाकिर हुसैन शिक्षण संस्थान के प्राचार्य आवेश कुरैशी ने अतिथियों, प्रतिभागियों, स्काउट प्रभारियों और आयोजन में सहयोग करने वालों का आभार जताया। मंच संचालन लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी, बिसाऊ के यूनिट लीडर जितेंद्र कुमार शर्मा ने किया। समारोह में स्काउट संघ के पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रभारी और संचालक दल के सदस्य मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

लाखू में दुकानदार पर सरियों से हमला, सिर में चोट लगी

थिंक राजस्थान • चिड़ावा

चिड़ावा के पास लाखू गांव में सरकारी आईटीआई के सामने सोमवार रात दुकानदार विक्रम स्वामी पर सरियों से हमला किया गया। उनके सिर में चोट लगी। राजकीय उप जिला अस्पताल में उनका प्राथमिक उपचार किया गया। विक्रम स्वामी ने बताया कि शाम करीब 4 बजे लाखू निवासी विक्रम यादव दुकान पर पानी की बोतल और अन्य सामान लेने आया था। सामान देने के बाद पैसे मांगने पर उसने रुपए देने से इनकार किया और गाली-गलौज की। बाद में विक्रम यादव के साथी ने दुकानदार को रुपए दिए। बताया जा रहा है कि शाम करीब 7:30 बजे विक्रम यादव अपने 6-7 साथियों के साथ दो गाड़ियों में दुकान पहुंचा। आरोप है कि उन्होंने गल्ले पर बैठे विक्रम स्वामी पर सरियों से हमला किया। आरोपियों ने दुकान का सामान बिखेर दिया। विक्रम स्वामी के भाई मुकेश और पिता हनुमान के साथ भी मारपीट की। दुकान पर खरीदारी करने आए ग्राहकों से धक्का-मुक्की की गई। विक्रम को उनका भाई और ग्रामीण उप जिला अस्पताल लेकर गए, जहां उनका प्राथमिक उपचार हुआ। फिलहाल पुलिस को रिपोर्ट नहीं दी गई है। घायल के परिजन रिपोर्ट देने की बात कह रहे हैं।

चुनावी रंजिश को लेकर भतीजे पर किया था हमला: पूर्व सरपंच के हिस्ट्रीशीटर भाई समेत 2 गिरफ्तार

- बोलेरो में देशी शराब लेकर घूम रहे थे

थिंक राजस्थान • सीकर





सीकर की दादिया थाना पुलिस ने सोमवार को पिपराली के पूर्व सरपंच के हिस्ट्रीशीटर भाई और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। दोनों बोलेरो गाड़ी में देशी शराब की 5 पेटियां लेकर घूम रहे थे। आरोपियों पर रविवार की रात में अपने ही भतीजे पर जानलेवा हमला करने का भी आरोप है। पुलिस ने अब दोनों के खिलाफ अवैध शराब के ट्रांसपोर्टेशन का मुकदमा भी दर्ज कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

दादिया थाना SHO संजय पूनियां ने बताया कि बीती रात पलासिया जोहड़ के पास खुशबू होटल पर बैठे युवक राजेश मूंड पर उसके ही हिस्ट्रीशीटर चाचा रामनिवास मूंड और जितेंद्र ने जानलेवा हमला किया था। इसके बाद दोनों वहां से फरार हो गए थे। बीती रात राजेश मूंड को इलाज के लिए जयपुर रेफर किया गया था। पुलिस दोनों आरोपियों के पीछे लगी हुई थी। इसी दौरान आज मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों आरोपी थाना इलाके में ही बोलेरो गाड़ी लेकर घूम रहे हैं। ऐसे में दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास गाड़ी में 5 देशी शराब की पेटियां भी मिली है। ऐसे में आबकारी एक्ट की धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया है। अब इन्हें कल कोर्ट में पेश करके जानलेवा हमले के मामले में भी गिरफ्तार किया जाएगा। बता दें कि हिस्ट्रीशीटर रामनिवास मूंड पिपराली पंचायत के पूर्व सरपंच संतोष मूंड का भाई है। संतोष इस बार भी सरपंच चुनाव में प्रत्याशी था। इनका भतीजा राजेश चुनाव में विकास मूंड के साथ में था। विकास से 2009 वोटों के बड़े अंतर से चुनाव जीत लिया। इस बात से नाराज होकर रामनिवास ने अपने साथी जितेंद्र के साथ राजेश पर जानलेवा हमला किया था।

28 हजार किलो दूषित मैदा सीज

जयपुर-बीकानेर टीम की कार्रवाई, 400KG दूषित मावा भी नष्ट



थिंक राजस्थान • बीकानेर

दीपावली के त्योहार को देखते हुए बीकानेर में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) डॉ. पुखराज साध ने बताया- जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में मिलावटी सामान बेचने वालों पर कार्रवाई के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। यह टीमें बाजार में बिक रहे दूध, मावा, मिठाइयों, मसालों, घी, तेल और ड्राई फ्रूट्स की जांच कर रही हैं।

अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भारी मात्रा में दूषित और इस्तेमाल के लायक न बची सामग्री को मौके पर ही नष्ट करवाया है। इसमें 400 किलो फफूंद लगा मावा, 309 किलो सड़े-गले बादाम, पिस्ता व अखरोट, 90 किलो खराब हो चुके गुलाब जामुन, 735 किलो एक्सपायरी काला नमक और 2750 किलो अवधिपार मैदा पापड़ शामिल हैं, जिन्हें तुरंत फेंकवा दिया गया। इसके साथ ही, कई संदिग्ध खाद्य पदार्थों को जांच रिपोर्ट आने तक सीज कर दिया गया है। जयपुर से आई केंद्रीय टीम के साथ मिलकर की गई बड़ी कार्रवाई में लगभग 28 हजार किलो दूषित मैदा सीज किया गया। इसके अलावा विभिन्न ब्रांड्स का करीब 22,750 लीटर तेल, 2319 लीटर घी (वातुला, निजोन और वर्सेटाइल ब्रांड), 3950 किलो आटा (शिवशक्ति ब्रांड) और 1250 किलो सूजी को सीज किया गया है।

विभाग ने अब तक खाद्य सुरक्षा कानून के तहत 100 से अधिक खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए सरकारी लैब में भेजे हैं। डॉ. साध ने सभी खाद्य कारोबारियों को सख्त चेतावनी दी है कि वे मिलावटी या खराब मावे का भंडारण और बिक्री न करें। साथ ही मावे को अखबार में लपेटकर रखने और कचौरी-समोसे अखबार या रंगीन कागज पर परोसने पर भी पूरी तरह रोक लगा दी गई है। दुकानदारों को निर्देश दिए गए हैं कि पनीर, मावा और दूध से बनी मिठाइयों को लाने-ले जाने के लिए ठंडी गाड़ियों का ही उपयोग करें और अपनी दुकानों पर साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें। कार्रवाई टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रवण कुमार वर्मा, भानू प्रताप सिंह, सुरेन्द्र कुमार, राकेश कुमार गोदारा, निशान्त चारण, सोना रानी, ममता सोनगरा, इंद्र प्रकाश ढाका और महावीर मेघवाल शामिल रहे।

अरजनसर-पल्लू मेगा हाईवे पर हुआ हादसा, खल से भरा ट्रक पलटा

थिंक राजस्थान • लूणकरणसर

भारतमाला रोड के पास अरजनसर-पल्लू मेगा हाईवे पर बने इंटरचेंज पर सोमवार को बिनौला खल से भरा एक ट्रक अचानक बेकाबू होकर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक में भरी बिनौला खल सड़क पर बिखर गई। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। ट्रक चालक और खलासी दोनों सुरक्षित बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार ट्रक हनुमानगढ़ की ओर से बीकानेर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान अरजनसर-पल्लू मेगा हाईवे के इंटरचेंज पर पहुंचने के दौरान अचानक ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क पर पलट गया। ट्रक पलटते ही उसमें भरी बिनौला खल की बोरियां और खल सड़क किनारे फैल गईं। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुर्घटना में ट्रक बुरी तरह सड़क पर एक तरफ पलट गया, वहीं खल सड़क पर बिखरने से मौके पर सामान फैल गया। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय आसपास कोई अन्य वाहन इसकी चपेट में नहीं आया और चालक व खलासी को भी चोट नहीं आई। हादसे में बड़ा नुकसान होने से टल गया।



उत्कृष्ट पशुधन सेवाओं के लिए हुकमचंद यादव का अभिनंदन: ग्रामीणों एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने शॉल ओढ़ाकर, साफा व मालाएं पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया सम्मान

थिंक राजस्थान • घांघू



राजकीय पशु चिकित्सालय घांघू में कार्यरत पशुधन प्रसार अधिकारी हुकमचंद यादव का पशुधन संरक्षण, टीकाकरण अभियान एवं ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालकों के हित में किए गए उत्कृष्ट और अनुकरणीय कार्यों के लिए शनिवार को ग्रामीणों एवं पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर यादव को शॉल ओढ़ाकर, साफा व पुष्पमालाएं पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यादव शनिवार को अपनी 36 वर्ष 3माह की पशुपालन चिकित्सा विभाग की राजकीय सेवा से सेवानिवृत हुए। घांघू के राजकीय अ श्रेणी पशु अस्पताल में लगातार 26 वर्ष तक सराहनीय एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ सेवाएं देकर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने यादव की कर्तव्यनिष्ठा, सेवाभाव और पशुधन के प्रति समर्पण की मुक्तकंठ से सराहना की। गांव घांघू के प्रशासक प्रतिनिधि परमेश्वरलाल दर्जी की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. ओमप्रकाश गुडेसरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. गुडेसरिया ने कहा कि पशुधन प्रसार अधिकारी हुकमचंद यादव ने घांघू एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन स्वास्थ्य, टीकाकरण तथा पशुपालकों को जागरूक करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पूरी ईमानदारी, निष्ठा एवं बिना किसी भेदभाव के अपने दायित्वों का निर्वहन करने वाले कार्मिक किसी भी विभाग की वास्तविक पहचान होते हैं। ऐसे कर्मठ एवं सेवाभावी कार्मिकों का विभाग और समाज की ओर से सम्मान किया जाना सराहनीय पहल है।

कार्मिकों का सम्मान दूसरों के लिए प्रेरणादायी

विशिष्ट अतिथि बीवीएचओ रतननगर डॉ. निरंजन चिराणियां ने कहा कि अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहकर जनसेवा करने वाले कार्मिकों का सम्मान उनके मनोबल को बढ़ाने के साथ ही अन्य कर्मचारियों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है और पशुधन की बेहतर देखभाल में विभागीय कार्मिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। गांव के समाजसेवी महावीर नेहरा ने कहा कि हुकमचंद यादव ने घांघू सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन के प्रति जागरूकता बढ़ाने, पशुधन टीकाकरण एवं पशुओं की स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किए हैं। उनकी सेवाभावी कार्यशैली और मिलनसार व्यवहार ने पशुपालकों के बीच विशेष विश्वास कायम किया है। उन्होंने कहा कि यादव का व्यक्तित्व एवं कृतित्व इस सम्मान का वास्तविक हकदार है। उनके कार्य अन्य कार्मिकों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं। समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रशासक प्रतिनिधि परमेश्वरलाल दर्जी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में समर्पित भाव से सेवाएं देने वाले कार्मिकों का सम्मान करना समाज का नैतिक दायित्व है। ऐसे आयोजनों से सेवा, समर्पण एवं सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।

ग्रामीणों का स्नेह और सम्मान जीवनभर रहेगा अविस्मरणीय : यादव

सम्मान से अभिभूत पशुधन प्रसार अधिकारी हुकमचंद यादव ने ग्रामीणों एवं विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि घांघू के ग्रामीणों से मिला अपार स्नेह, आत्मीयता और सम्मान उनके लिए अमूल्य धरोहर है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, "आप सभी की ओर से दिया गया यह सम्मान मेरे जीवन में सदैव अविस्मरणीय रहेगा। यह सम्मान मुझे नई ऊर्जा, उत्साह और अधिक समर्पण के साथ पशुधन एवं पशुपालकों की सेवा करने की प्रेरणा देता रहेगा।"

पशुधन प्रसार अधिकारी हुकमचंद यादव ने अपने पशुधन की उत्कृष्ट सेवाओं के साथ अपने परिवार एवं बच्चों को भी शिक्षित कर काबिल बनाया। यादव का बड़ा बेटा नवीन यादव पशुपालन विभाग में ही लाईवस्टॉक इंस्पेक्टर के पद पर सेवारत है। छोटा पुत्र योगेश यादव आईआईटी रुड़की से पास आउट है एवं जर्मनी की मल्टी नेशनल कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजिनियर के पद पर सेवाएं दे रहे हैं।

वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने की शिरकत: समारोह में पशुपालन विभाग चूरू के उपनिदेशक डॉ. मोहर सिंह मीणा, पॉलीक्लिनिक चूरू के उपनिदेशक डॉ. राजपाल बेनीवाल, पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ. प्रभुदयाल बरवड़, निर्मला यादव, पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ. अशोक शर्मा, सेवानिवृत्त सैनिक लालचंद फगेड़िया, शहीद पिता रामलाल फगेड़िया, डॉ. विश्वजीत सिंह राठौड़, डॉ. ओमप्रकाश आर्य, उपसरपंच पूर्ण सिंह शेखावत, समाजसेवी बन्ने खां, हीरालाल यादव, पशु निरीक्षक श्रवण कुमार जाखड़, रमेश बरवड़ एवं वीरेंद्र मीणा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए यादव की सेवाओं की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. इम्तियाज, डॉ. रवि पूनिया, डॉ. अम्बिका खरीन्टा, डॉ. श्रीराम सिहाग, डॉ. नीतू ढाका, संजय मांझू, राकेश थाकन, मंगल सिंह, दलीप गेट, सरिता, कांता एवं विनोद देवी मंचस्थ रहे। कार्यक्रम में बनवारीलाल गुरी ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। समारोह का प्रभावी एवं सुव्यवस्थित संचालन बीरबल नोखवाल ने किया।

इस अवसर पर डॉ रविंद्र यादव, शांतिस्वरूप यादव, अशोक यादव, रण सिंह यादव,अमन यादव, लालचंद प्रजापत, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बरकत अली, सुखाराम सिहाग, राजकुमार फगेड़िया, विनीत राहड़, बीरबल खरीन्टा राणासर, शिक्षाविद् रामकरण दनेवा बाड़ेट, नेमीचंद जांगिड़, वरिष्ठ लिपिक सत्यप्रकाश मीणा, कृषि पर्यवेक्षक कर्मवीर गोदारा, ब्रह्मप्रकाश सहारण, कमलेश बाबल, वासुदेव सिहाग, अजय जांगिड़, दामोदर प्रजापत, नवीन यादव, योगेश यादव, विजेन्द्र सिहाग, गंगाराम रेवाड़, पोकरराम भाम्बू, बोयताराम फगेड़िया, मनीराम बरवड़, हेमराज फगेड़िया, भंवरलाल जांगिड़, हरिसिंह राठौड़, सुनील जांगिड़, विजेंद्र श्योराण, केसरदेव गुरी, रामेश्वरलाल ढाका, सतार अली, भंवरलाल प्रजापत, हनुमान नोखवाल, मनीषा यादव, रवीना यादव, हीरालाल यादव, विपिन राहड़, संतोष, रामनिवास फगेड़िया, सांवलराम मेघवाल एवं मोहनलाल फगेड़िया सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। समारोह में ग्रामीणों ने हुकमचंद यादव को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरा आयोजन कर्मठता, सेवाभाव और उत्कृष्ट कार्यों के प्रति सामाजिक सम्मान का प्रेरणादायी उदाहरण बना।

भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एंड एक्सपो 2026

पीएम बोले- क्लीन एनर्जी में 20 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के अवसर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने यहां भारत मंडपम में आयोजित 'भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एंड एक्सपो 2026' के उद्घाटन समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस दशक के अंत तक भारत के क्लीन एनर्जी सेक्टर में 20 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश अवसर बनने का अनुमान है। पिछले एक दशक में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 15 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आया है, जबकि वर्ष 2024 में आयोजित री-इन्वेस्ट समिट के बाद से अब तक करीब 6 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ है।

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले एक दशक में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए निवेश और विकसित व्यवस्थाओं ने देश को वैश्विक ऊर्जा संकट से बचाने में अहम भूमिका निभाई है

एक दशक में 15 हजार करोड़ से अधिक निवेश आया



एक्सपो का उद्घाटन करते पीएम मोदी के संग कई राज्यों के मुख्यमंत्री

भविष्य स्वच्छ ऊर्जा में निहित

पीएम ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा सीधे आर्थिक सुरक्षा से जुड़ी है और इसका भविष्य स्वच्छ ऊर्जा में निहित है। पश्चिम एशिया संकट सहित वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी हुई है। पिछले एक दशक में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए निवेश और विकसित की गई व्यवस्थाओं ने देश को वैश्विक ऊर्जा संकट के प्रभावों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि भारत ने बीते वर्षों में क्लीन एनर्जी के क्षेत्र में अपनी क्षमता और प्रतिबद्धता साबित की है।

नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता असीमित, देश लाभ उठाए

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मौजूदा संकट ने दुनिया के सभी देशों को यह स्पष्ट संदेश दिया है कि ऊर्जा सुरक्षा का सीधा संबंध आर्थिक सुरक्षा से है। जीवाश्म ईंधन के भंडार सीमित हैं और उनका वितरण कुछ क्षेत्रों तक सीमित है, जबकि नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता असीमित है और हर देश इसका लाभ उठा सकता है।

500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य

पीएम ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में संकल्प, जुनून और प्रदर्शन के आधार पर उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2021 में कॉप-26 के दौरान भारत ने 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल करने का संकल्प लिया था। भारत इस लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और करीब 300 गीगावॉट क्षमता हासिल कर चुका है।

पीएम सूर्यघर योजना से 65 लाख से अधिक परिवार जुड़े

पीएम ने कहा कि फरवरी 2024 में शुरू की गई पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य है। पिछले 24 से 25 महीनों में 65 लाख से अधिक घर इस अभियान से जुड़ चुके हैं। हर छह दिन में करीब एक लाख नए घर सौर ऊर्जा आंदोलन का हिस्सा बन रहे हैं। इन घरों के बिजली बिल में करीब 76% तक की कमी आई है।

किसान अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बनें

पीएम नरेंद्र मोदी ने पीएम सूर्य सरोवर योजना का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इसके तहत जलाशयों,



तालाबों और झीलों के ऊपर सोलर पैनल लगाकर बिजली पैदा की जा रही है। इससे जल निकायों का बेहतर उपयोग हो रहा है और जमीन की जरूरत भी कम हो रही है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा के इस्तेमाल को और विस्तार देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लाखों सोलर पंप वितरित किए जा चुके हैं, लेकिन अब सोलर पंप से आगे बढ़ने की जरूरत है। किसान अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बनें। किसान अपनी खाली जमीन पर सोलर पैनल लगाएं और खेतों की मेड़ों का भी सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए उपयोग करें।

खबर संक्षेप

दीया मिर्जा के वीडियो पर महाराष्ट्र में विवाद बढ़ा

मुंबई। मुंबई की मेयर रितु तावड़े ने बीएमसी के उस कदम का समर्थन किया जिसमें 'प्रदूषण मुक्त



दिवाली' अभियान से अभिनेत्री दीया मिर्जा वाला वीडियो हटा दिया गया था। उन्होंने कहा कि हमें यह सिखाने के लिए दीया मिर्जा की जरूरत नहीं है कि हिंदुओं को दिवाली कैसे मनानी चाहिए। उन्होंने दिया को सनातन विरोधी कहा।

उनियाल बोले- इस्तीफा दूंगा, माफी नहीं मांगूंगा

देहरादून। दलेर मेहंदी विवाद को लेकर मंत्री सुबोध उनियाल बयान को लेकर एक बार फिर चर्चा में है।



एक कार्यक्रम के दौरान मंत्री के बयान का वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें उन्होंने मंच से कहा कि मैं इस्तीफा देना पसंद करूंगा, माफी नहीं मांगूंगा। जीवन में आत्मसम्मान बहुत बड़ी चीज है। उन्होंने कहा था कि मुझे लगा दलेर मेहंदी नशे में हैं।

गैस पाइपलाइन में ब्लास्ट, युवक की मौत

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में पीएनजी गैस पाइपलाइन में रिसाव के कारण ब्लास्ट हो गया। शहर के



सदर थाना क्षेत्र के गोबरसही-डुमरी इलाके में सोमवार को करीब 12 बजे हादसा हुआ। जिसमें एक युवक के सिर के चिथड़े उड़ गए, जबकि 4 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। मृतक की पहचान निवास सिंह के रूप में हुई है।

निकाय चुनाव लड़ने से पीछे हटे टीएमसी पार्षद

कोलकाता। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के दिसंबर में होने वाले चुनाव से पहले तृणमूल



कांग्रेस पार्टी के कई दिग्गज पूर्व पार्षदों ने चुनाव लड़ने से दूरी बना ली है। इनमें कोलकाता के पूर्व मेयर फिरहाद हकीम, शोभन चटर्जी, मेयर-इन-काउंसिल के कई पूर्व सदस्य और बोरो चेयरमैन भी शामिल हैं।

तेलगांना में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में बोले शाह

भारतीय नागरिकों को ही मतदान करने का होगा अधिकार, 3 करोड़ घुसपैठियों को नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह लगातार चुनावी हार का सामना करने के बाद 'अराजकता' के जरिये सत्ता हासिल करने और 'लोकतंत्र को कमजोर करने' की कोशिश कर रही है। उन्होंने यहां अपनी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा से पहले 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह बात कही। उन्होंने कहा कि नागरिकों ने इन हमलों से अपने लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए कमर कस ली है'।

अमित शाह ने जनता से पूछते हुए कहा कि क्या घुसपैठियों को देश से बाहर निकालना चाहिए या नहीं निकालना चाहिए? एसआईआर करना चाहिए या नहीं करना चाहिए? पूरी की पूरी कांग्रेस एंड कंपनी एसआईआर को रोकने पर लगी है, क्योंकि ये जो घुसपैठिए हैं, उनकी वोट बैंक हैं। मगर हम भाजपा के कार्यकर्ता मजबूती के साथ एसआईआर के साथ खड़े हैं। इस देश में वही वोट डाल पाएगा जो इस देश का नागरिक है। उन्होंने कहा कि देश में 3 करोड़ घुसपैठिए हैं, उन्हें वोट नहीं डालने दिया जाएगा।

अराजकता से सत्ता हासिल करना चाहती है कांग्रेस

कांग्रेस घुसपैठियों को बचा रही, वही उनका वोट बैंक



पदयात्रा के बाद रैली को मंच से संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

हर घुसपैठिया मतदाता सूची से बाहर होगा

अमित शाह ने कहा कि कल दिल्ली में भी एक रैली हुई थी। राहुल जी की रैली हुई थी। इन्होंने कहा वोट बचाओ रैली है। ये वोट बचाओ रैली नहीं थी, घुसपैठिया बचाओ रैली थी। कांग्रेस पार्टी एसआईआर को रोककर देश की मतदाता सूची से बांग्लादेशी घुसपैठियों को बचाना चाहती है। भाजपा पार्टी एक-एक घुसपैठिए को मतदाता सूची और देश से बाहर निकालकर ही दम लेगी।

राहुल झूठ बोल रहे कि 13 करोड़ मतदाता के नाम काटे

अमित शाह ने कहा कि राहुल (गांधी) बाबा कहते हैं कि 13 करोड़ वोट काट दिए हैं। ये झूठ बोल रहे हैं। 13 करोड़ वोट में से 6 करोड़ ऐसे है,जो दूसरी जगह रहने चले गए हैं। मुझे बताओ भाई, जो दूसरी जगह रहने चला गया हो, उसे दो जगह वोट देने का अधिकार है क्या? करीब 3 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनकी मृत्यु हो गई है। अब जिनकी मृत्यु हो गई है, उन्हें हटाना चाहिए या नहीं हटाना चाहिए? राहुल जी, जो है ही नहीं, उनका वोट कौन आकर देगा। कांग्रेस पार्टी बोगस वोटिंग करके चुनाव हथियाना चाहती है। भाइयों-बहनों, एक करोड़ वोट ऐसे हैं, जिनकी डुप्लीकेट प्रविष्टि (एंट्री) है। अगर एक व्यक्ति के दो वोट हों, तो एक रद्द करना चाहिए या नहीं करना चाहिए?

शाह ने भाग्यलक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की

अमित शाह के नेतृत्व में यह पदयात्रा बशीरबाग स्थित बाबू जगजीवन राम की



प्रतिमा से शुरू हुई और मोअज्जम जही मार्केट पर समापन हुआ। तक जाएगी। शाह सोमवार दोपहर को यहां बेगमपेट हवाई अड्डे पहुंचे। उसके बाद शाह ने चारमीनार स्थित देवी भाग्यलक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी उपस्थित थे।

पश्चिम बंगाल में कांग्रेस पर गरजे भाजपा अध्यक्ष नवीन

राहुल विदेशी ताकतों के इशारे पर अस्थिरता पैदा कर रहे

कोलकाता। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को आरोप लगाया कि विदेशी ताकतों के समर्थन से संचालित टूलकिट कांग्रेस नेता राहुल गांधी का इस्तेमाल भारत में अस्थिरता पैदा करने के लिए कर रहा है। वे पश्चिम बंगला के कोलकता में आयोजित एनडीए की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा और रैली में शामिल हुए



नितिन नवीन और सीएम सुवेंदु

थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का इस्तेमाल, विदेशी ताकतों के समर्थन से संचालित टूलकिट भारत में अस्थिरता पैदा करने के लिए कर रहा है। वह देश में अराजकता फैलाने के लिए विदेशी ताकतों के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्हें याद रखना चाहिए कि हमारा देश संविधान से चलता है। जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की कमी के कारण कांग्रेस मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान अपनी शिकायतें उठाने में विफल रहे।

सुधांशु का इंडिया गठबंधन पर हमला

राहुल लोकतंत्र के लिए चुनौती भारत की तरक्की से खुश नहीं



सुधांशु त्रिवेदी

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने भुवनेश्वर में विपक्ष पर निशाना साधे हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी, भारत के लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गए हैं। राहुल गांधी ने एक गलत नैरेटिव फैलाने की कोशिश की है, जिसमें वे दावा करते हैं कि 'सत्ता-विरोधी लहर' चल रही है और उनकी पार्टी सत्ता में वापसी नहीं कर पा रही है। मैं उन्हें याद दिलाना चाहूंगा राहुल, आप केवल अराजकता फैला रहे हैं, लेकिन ठोस और वास्तविक तथ्य क्या कहते हैं? पिछले पच्चीस वर्षों से ओडिशा में कांग्रेस का एक भी सीएम नहीं रहा है। 1995 से आप गुजरात से नदारद हैं।

मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इस समय पूरी दुनिया उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भाजपा और एनडीए सरकार के साथ, भारत इन विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सबसे बेहतर स्थिति में आगे बढ़ रहा है। हम दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहे हैं। परसों ही, विश्व बैंक ने अपनी 2025 की रिपोर्ट में भारत की तारीफ करते हुए कहा कि भारत सरकार ने पिछले 12-13 वर्षों में लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफलता हासिल की है। 2011-12 में जहां 27 प्रतिशत लोग अत्यधिक गरीबी रेखा के नीचे थे। अब यह घटकर केवल 2.6 प्रतिशत रह गया है। 2011-12 में जहां 57% लोग प्रतिदिन 4.2 डॉलर से कम कमाते थे आज केवल 16 प्रतिशत लोग हैं।

कांग्रेस अपने कर्मों के कारण हारीः पात्रा

वाराणसी। भाजपा के सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने एसआइआर और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर कांग्रेस



के आरोपों का जवाब दिया। कांग्रेस के 2014 से 19 फरवरी 2025 तक कांग्रेस 56 चुनाव हार चुकी है। हम इसे 56 टिकुली कहते हैं। यही 56 टिकुली माथे पर लगा कर राहुल गांधी और कांग्रेस घूम रही है। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में पिछले 10 से 40 वर्ष से सत्ता में नहीं होने का उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस एसआइआर के कारण नहीं अपने कर्मों और कुकर्मों के कारण हार रही है।

दिल्ली में वायु प्रदूषण पर सख्त एक्शन!

ग्रैप के तहत पहले दिन 68 लाख का जुर्माना, 1,500 गाड़ियां बाहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में सर्दियों के साथ बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत 1 नवंबर को प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। पहले ही दिन कुल 68.4 लाख रुपए का जुर्माना और पर्यावरण मुआवजा लगाया गया है। इस दौरान जांच टीमों ने लगभग 15 हजार वाहनों की जांच की। इनमें से 1539 वाहनों को बॉर्डर से ही वापस भेज दिया गया। जबकि प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र के नियम तोड़ने पर 566



चालान काटे गए। रविवार शाम 5 बजे तक के आंकड़े के मुताबिक, पीयूसीसी नियमों को तोड़ने पर 56.6 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं, प्रतिबंध के बावजूद दिल्ली में एंट्री करने वाले वाहनों पर 2 लाख रुपए और निर्माण और तोड़फोड़ वाली जगहों पर धूल रोकने के नियमों का पालन नहीं करने पर 9.8 लाख रुपए का मुआवजा लगाया।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने दिए मदद के निर्देश

राहत वितरण में न हो कोई देरी प्रभावित राज्यों के साथ में केंद्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देशभर में खरीफ फसलों की कटाई, मौजूदा मौसमी परिस्थितियों और रबी सत्र की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में देश के विभिन्न हिस्सों में सूखे, चक्रवाती प्रभाव और अनियमित वर्षा से उत्पन्न परिस्थितियों पर विचार-विमर्श करते हुए किसानों के हित में ठोस रणनीति बनाने के लिए निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने कहा कि संकट के



समय किसानों के प्रति पूरी संवेदनशीलता बरती जाए और राहत कार्यों में प्रक्रियात्मक देरी बिल्कुल न हो। उन्होंने कहा कि कटाई के तुरंत बाद खेतों में उपलब्ध नमी का अधिकतम उपयोग करते हुए रबी फसलों की बुआई को गति दी जाए। जहां सिंचाई के पानी की सीमित उपलब्धता है, वहां चना, सरसों, मसूर को प्रोत्साहित करें।

हरमीत सिंह, चेतन सिंह और कुंवर सिंह ने सदस्यता ग्रहण की

पंजाब में आप को झटका, 3 विधायक भाजपा में हुए शामिल, नीतियों पर जताया 'विश्वास'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब आम आदमी पार्टी के तीन विधायकों भाजपा में शामिल हो गए। पंजाब में आप के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है। हरमीत सिंह पठानमाजरा (सनौर विधानसभा), चेतन सिंह जौड़ामाजरा (समाना विधानसभा) और कुंवर विजय प्रताप सिंह (अमृतसर उत्तर) ने इस्तीफा देकर सोमवार को भाजपा के नई दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



दाएं से आशीष ऊषा अग्रवाल, केवल ढिल्लों

सतीश पूनिया ने स्वागत किया

पंजाब भाजपा प्रभारी सतीश पूनिया, सह-प्रभारी वीरेंद्र सचदेवा ने विधायकों का स्वागत किया। पंजाब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों तथा राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष ऊषा अग्रवाल मौजूद थे।

पंजाब की राजनीति के लिए यह दिन खास

कार्यक्रम का संचालन करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष ऊषा अग्रवाल ने तीनों विधायकों का परिचय देते हुए कहा कि आज का दिन पंजाब की राजनीति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। जब परिवार में नए सदस्य जुड़ते हैं, तो यह हम सभी के लिए गर्व और हर्ष का अवसर होता है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी को दी खुली बहस की चुनौती

बोले- विदेशी मदद से पीएम बने, आपकी आर्थिक व्यवस्था बाहरी देशों के हाथों में है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर पीएम मोदी को सीधे निशाने पर लिया। उन्होंने पीएम मोदी पर विदेशी मदद के सहारे सत्ता में बने रहने का आरोप लगाकर राजनीतिक विवाद तेज कर दिया। राहुल ने कहा कि पीएम मोदी विदेशी मदद से पीएम बने और अब भी इसी मदद के सहारे इस पद पर बने हुए हैं। उन्होंने देश की आर्थिक व्यवस्था और विदेशी सोशल मीडिया को लेकर भी सवाल उठाए।



राहुल गांधी नरेंद्र मोदी

इंडिया ब्लॉक की रैली एआई से बनाई

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इंडिया ब्लॉक की रैली को लेकर आरोप लगाया कि कांग्रेस को रैली में भीड़ दिखाने के लिए एआई से बनी तस्वीरों का सहारा लेना पड़ा। फर्जी नैरेटिव टीम एआई से बनी फर्जी तस्वीर भी ठीक से नहीं बना पाई!

झूठ बोलना बंद करें

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा कि मोदी जी, इस देश से झूठ बोलना बंद कीजिए। आप विदेशी मदद से पीएम बने। और विदेशी मदद से ही पीएम बने हुए हैं। आपकी आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह विदेशियों के नियंत्रण में और समर्थन से है। विदेशी सोशल मीडिया पूरी तरह आपके साथ खड़ा है। मैं आपको इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती देता हूं।

दिवाली पर प्रदूषण रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तय किया समय

दिल्ली-एनसीआर में दो दिन ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 7 और 8 नवंबर, 2026 को ग्रीन पटाखे फोड़ने की अनुमति दी है। पटाखे सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात 8 बजे से 10 बजे तक फोड़े जा सकेंगे।

यह अनुमति सुप्रीम कोर्ट के 15 अक्तूबर, 2025 के पहले के आदेश के अनुसार दी गई है। शीर्ष कोर्ट ने निर्देश दिया है कि अस्पतालों, नर्सिंग होम, प्राथमिक और जिला स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों और अधिसूचित शांत क्षेत्रों के 300 मीटर के दायरे में कोई भी पटाखा नहीं फोड़ा जाएगा।

पटाखे सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात 8 बजे से 10 बजे तक फोड़े जा सकेंगे



नीट पीजी परीक्षा पर मांगा जवाब

नीट पीजी परीक्षा की आंसर की और प्रश्नपत्र सार्वजनिक करने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) से स्पष्टीकरण मांगा है। अदालत ने पूछा है कि उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र की कॉपी रखने की अनुमति देने से परीक्षा की निष्पक्षता और विश्वसनीयता कैसे प्रभावित हो सकती है।

गैर बीएस-6 वाहन के प्रवेश पर रोक रहेगी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 1 नवंबर से 31 जनवरी तक राजधानी में दिल्ली के बाहर पंजीकृत उन वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के प्रशासन के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जो बीएस-6 उत्सर्जन मानकों पर खरे नहीं उतरते हैं।

शैक्षिणक संस्थान नो-क्रैकर जोन बने

कोर्ट ने कहा है कि इन सभी क्षेत्रों के साथ शैक्षणिक संस्थानों को भी 'नो-क्रैकर जोन' घोषित किया जाएगा। इन क्षेत्रों को उचित तरीके से चिह्नित किया जाएगा और इनके बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। वैध प्रमाणपत्र रखने वाले पटाखा और आतिशबाजी निर्माता केवल ग्रीन पटाखों का ही निर्माण कर सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया है कि बेरियम वाले पटाखों और वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान से मंजूरी नहीं पाने वाले पटाखों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं होगी।

कॉन्ट्रा फंड इक्विटी म्यूचुअल फंड की ऐसी श्रेणी है, जिनमें फंड मैनेजर बाजार की प्रचलित धारणा से अलग जाकर निवेश के अवसर तलाशते हैं। जब किसी कंपनी, उद्योग या शेयर को लेकर बाजार में निराशा होती है और उसका मूल्य कारोबारी संभावनाओं की तुलना में कम दिखाई देता है, तब ऐसे फंड उसमें निवेश पर विचार करते हैं। हर गिरते शेयर में पैसा लगा दिया जाए। कंपनी की वित्तीय स्थिति, कारोबार की गुणवत्ता, भविष्य में कमाई की संभावना और शेयर के मूल्यांकन का विश्लेषण जरूरी होता है। इस रणनीति के पीछे मान्यता है कि बाजार में किसी कंपनी के प्रति बनी नकारात्मक धारणा हमेशा कायम नहीं रहती।

तीन साल से ज्यादा का निवेश क्षितिज होने पर उभरता है फायदा

बाजार की गिरावट में भी टिके कॉन्ट्रा फंड लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न संभव

निवेश मंत्रा

पांच साल में मिल सकता है बेहतर प्रदर्शन, धैर्य की परीक्षा भी



शेयर बाजार में गिरावट के दौर में निवेशकों की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। ज्यादातर निवेशक ऐसे समय में सुरक्षित विकल्प तलाशने लगते हैं, लेकिन अनुभवी निवेशक बाजार की कमजोरी में भविष्य के अवसर भी खोजते हैं। म्यूचुअल फंड की कॉन्ट्रा श्रेणी इसी सोच पर काम करती है। ये फंड उन कंपनियों के शेयरों में निवेश करने की कोशिश करते हैं, जिन्हें फिलहाल बाजार में पर्याप्त महत्व नहीं मिल रहा है, लेकिन जिनकी कारोबारी संभावनाएं लंबी अवधि में बेहतर हो सकती हैं। हालिया प्रदर्शन के आंकड़े संकेत देते हैं कि बाजार की मौजूदा कमजोरी के बीच कॉन्ट्रा फंड ने कुछ मजबूती दिखाई है। हालांकि, इस रणनीति का लाभ तुरंत मिलने की गारंटी नहीं है। इसमें निवेशकों को लंबा नजरिया और उतार-चढ़ाव सहने की क्षमता रखनी पड़ती है।

क्या होते हैं कॉन्ट्रा फंड?

कॉन्ट्रा फंड इक्विटी म्यूचुअल फंड की ऐसी श्रेणी हैं, जिनमें फंड मैनेजर बाजार की प्रचलित धारणा से अलग जाकर निवेश के अवसर तलाशते हैं। जब किसी कंपनी, उद्योग या शेयर को लेकर बाजार में निराशा होती है और उसका मूल्य कारोबारी संभावनाओं की तुलना में कम दिखाई देता है, तब ऐसे फंड उसमें निवेश पर विचार करते हैं। इसका मतलब यह नहीं कि हर गिरते शेयर में पैसा लगा दिया जाए। कंपनी की वित्तीय स्थिति, कारोबार की गुणवत्ता, भविष्य में कमाई की संभावना व शेयर के मूल्यांकन का विश्लेषण जरूरी होता है। इस रणनीति के पीछे मान्यता है कि बाजार में किसी कंपनी के प्रति बनी नकारात्मक धारणा हमेशा कायम नहीं रहती। यदि कंपनी का कारोबार सुधरता है और निवेशकों का भरोसा लौटता है, तो उसके शेयर की कीमत में सुधार हो सकता है। इसे बाजार में मूल्य के सामान्य स्तर पर लौटने की प्रक्रिया के रूप में समझा जा सकता है। हालांकि, यदि कंपनी की मुश्किलें स्थायी हैं, तो कम कीमत पर खरीदा गया शेयर भी नुकसान दे सकता है।

निवेश से पहले इन बातों का रखें ध्यान

- **अवधि:** कम से कम तीन से पांच साल का नजरिया रखें। यह अवधि भी लाभ की गारंटी नहीं है।
- **जोखिम :** बाजार में लंबी गिरावट और कमजोर प्रदर्शन सहने की तैयारी होनी चाहिए।
- **विविधीकरण:** पूरी रकम एक ही श्रेणी में लगाने से बचें।
- **तुलना का तरीका:** फंड के प्रदर्शन की तुलना उसके समकक्ष फंडों और उपयुक्त मानक सूचकांक से करें।
- **समीक्षा:** हर तिमाही के प्रतिफल से घबराकर फैसला न लें, लेकिन फंड की रणनीति और निवेश की गुणवत्ता पर नजर बनाए रखें।

तीन साल में दिखने लगता है रणनीति का असर :

फाइनेंशियल एक्सप्रेस की 24 अक्टूबर 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, तीन साल के आधार पर कॉन्ट्रा फंड श्रेणी का औसत वार्षिक चक्रवृद्धि प्रतिफल लगभग 12 प्रतिशत रहा, जबकि मध्य प्रतिफल करीब 13.2 प्रतिशत बताया गया। इसके मुकाबले लार्ज-कैप फंड श्रेणी का औसत प्रतिफल लगभग 9.3 प्रतिशत रहा। ये आंकड़े संबंधित अवधि में कॉन्ट्रा फंड के बेहतर प्रदर्शन की ओर संकेत करते हैं, लेकिन इन्हें भविष्य के रिटर्न की गारंटी नहीं समझना चाहिए।

पांच साल में उभर सकती है बढ़त

कॉन्ट्रा निवेश की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें फंड मैनेजर बाजार की तत्कालीन पसंद के बजाय भविष्य की संभावनाओं पर दांव लगाता है। किसी उपेक्षित कंपनी के शेयर में निवेश करने के बाद बाजार को उसकी वास्तविक क्षमता पहचानने में कई साल लग सकते हैं। इस दौरान शेयर का प्रदर्शन कमजोर रह सकता है और निवेशक का धैर्य डगमगा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, पांच साल की अवधि में कॉन्ट्रा फंड श्रेणी का औसत प्रतिफल लार्ज-कैप फंडों के मुकाबले लगभग दोगुना रहा है। इससे संकेत मिलता है कि इस निवेश रणनीति को परिणाम देने के लिए पर्याप्त समय की जरूरत होती है।

हालांकि, यह निष्कर्ष रिपोर्ट में दी गई संबंधित अवधि के आंकड़ों पर आधारित है। अलग-अलग समय में परिणाम बदल सकते हैं। इसलिए कॉन्ट्रा फंड में निवेश करने वालों के लिए तीन से पांच साल या उससे अधिक का नजरिया उपयोगी हो सकता है। लेकिन लंबी अवधि का चुनाव भी नुकसान से सुरक्षा की गारंटी नहीं देता।

एक साल में नुकसान भी कम नहीं

कॉन्ट्रा फंड की संभावनाओं के साथ उसके जोखिम को समझना भी जरूरी है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक साल के आधार पर इस श्रेणी का प्रतिफल लगभग 8 प्रतिशत नकारात्मक रहा। यह गिरावट लार्ज-कैप फंडों के प्रदर्शन के आसपास थी। इससे स्पष्ट होता है कि कॉन्ट्रा फंड भी बाजार की कमजोरी से अछूते नहीं हैं। दरअसल, बाजार जिन कंपनियों को पसंद नहीं कर रहा होता है, उनमें निवेश करने का अर्थ यह भी है कि निवेशक को कुछ समय तक कमजोर प्रदर्शन झेलना पड़ सकता है। यदि कंपनी का कारोबार उम्मीद के मुताबिक नहीं सुधरता, तो नुकसान लंबा खिंच सकता है। इसलिए केवल इस आधार पर निवेश करना उचित नहीं कि कोई फंड हालिया गिरावट के दौरान बेहतर टिका रहा है।

पोर्टफोलियो में कितनी हो हिस्सेदारी



वित्तीय विशेषज्ञों के अनुसार, कॉन्ट्रा फंड को पूरे निवेश पोर्टफोलियो का विकल्प बनाने के बजाय विविधीकृत निवेश व्यवस्था के एक हिस्से के रूप में देखना अधिक व्यावहारिक है। निवेशक अपने वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम उठाने की क्षमता और निवेश की अवधि के अनुसार इसमें सीमित राशि लगा सकते हैं। जिन लोगों को निकट भविष्य में पैसे की जरूरत है या जो बाजार में उतार-चढ़ाव से घबरा जाते हैं, उनके लिए यह श्रेणी उपयुक्त नहीं हो सकती।

निवेश बनाए रखें

कॉन्ट्रा फंड उन निवेशकों के लिए उपयोगी विकल्प हो सकते हैं, जो बाजार की अस्थायी निराशा के पीछे छिपे अवसर तलाशना चाहते हैं और लंबी अवधि तक निवेश बनाए रख सकते हैं। लेकिन बेहतर प्रतिफल की संभावना के साथ जोखिम भी जुड़ा है। इसलिए निवेश का फैसला केवल हालिया प्रदर्शन देखकर नहीं, बल्कि वित्तीय लक्ष्य, निवेश अवधि और जोखिम सहने की क्षमता को ध्यान में रखकर करना चाहिए।



बच्चों को बचपन से सिखाएं पैसे की समझ, रहेंगे आर्थिक रूप से मजबूत

- छोटी-छोटी बचत की आदतें बनाएंगी जिम्मेदार नागरिक
- खर्च और फैसले लेने का सलीका सिखाना भी है जरूरी

आज के दौर में बच्चों की परवरिश का बड़ा हिस्सा उनकी जरूरतें पूरी करने और उन्हें बेहतर सुविधाएं देने में बीतता है। खिलौनों से लेकर मोबाइल, महंगे कपड़ों और मनोरंजन तक, बच्चों की हर फरमाइश पूरी करने की कोशिश की जाती है। माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे किसी चीज से वंचित न रहें। लेकिन इस कोशिश में अक्सर एक जरूरी सबक पीछे छूट जाता है। पैसे की कीमत और उसका सही इस्तेमाल। आर्थिक रूप से मजबूत भविष्य की नींव केवल अच्छी कमाई से नहीं, बल्कि बचपन में विकसित हुई वित्तीय समझ से भी पड़ती है। इसलिए बच्चों को पैसे का महत्व समझाना, खर्च करने में विवेक सिखाना और बचत की आदत विकसित करना उनकी परवरिश का अहम हिस्सा होना चाहिए।

1. बिना पैसे खर्च किए भी खुश रहना सिखाएं

बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि खुशी का हर जरिया बाजार से नहीं खरीदा जा सकता। परिवार के साथ समय बिताना, घर में मिलकर खाना बनाना, खेलना, किताबें पढ़ना और पार्क में घूमना भी आनंद के अच्छे साधन हैं। यदि बच्चे हर गतिविधि को किसी खरीदारी से जोड़कर देखेंगे, तो उनके मन में यह धारणा बन सकती है कि मनोरंजन के लिए पैसा खर्च करना अनिवार्य है। माता-पिता को अपनी दिनचर्या में ऐसे अवसर शामिल करने चाहिए, जिनमें बिना अतिरिक्त खर्च के भी परिवार खुशियां साझा कर सके।

2. हर मौके पर उपहार देना जरूरी नहीं

जन्मदिन, त्योहार, रिश्तेदारों से मुलाकात या किसी उपलब्धि पर उपहार देने की परंपरा आम है। उपहार देना गलत नहीं है, लेकिन इसे हर अवसर की अनिवार्यता बना देना उचित नहीं। बच्चों को समझना चाहिए कि किसी से मिलने जाना, उसके साथ समय बिताना और उसका हालचाल पूछना भी स्नेह जताने के महत्वपूर्ण तरीके हैं। हर मुलाकात में कुछ खरीदकर ले जाने की आदत अनावश्यक खर्च बढ़ा सकती है। माता-पिता स्वयं भी इस सोच को अपनाएं कि रिश्तों की मजबूती महंगे उपहारों से नहीं, बल्कि समय, सम्मान और अपनापन देने से बढ़ती है।

3. हर काम के बदले इनाम देने से बचें

बच्चों को घर के छोटे-मोटे कामों में शामिल करना अच्छी आदत है। हर काम के बदले पैसे या कोई उपहार देना सही तरीका नहीं है। यदि बच्चा अपना सामान व्यवस्थित करता है, किसी की मदद करता है या घर के सामान्य कामों में हाथ बंटाता है, तो उसे परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। हर अच्छे व्यवहार के बदले इनाम मिलने पर बच्चा यह सोच सकता है कि बिना किसी लाभ के काम करना जरूरी नहीं है। हालांकि, उम्र के अनुसार विशेष कामों के लिए सीमित प्रोत्साहन दिया जा सकता है।

4. खरीदारी के नियम माता पिता मिलकर तय करें

बच्चों की हर मांग पूरी करना प्यार का प्रमाण नहीं है। कई बार माता-पिता किसी वस्तु के लिए मना करते हैं, लेकिन परिवार का दूसरा सदस्य उनकी बात काटकर वही चीज दिला देता है। इससे बच्चा सीमाओं को समझने के बजाय अलग-अलग लोगों से अपनी मांग मनवाना सीख सकता है। इसलिए माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के बीच बच्चों के खर्च को लेकर स्पष्ट सहमति होनी चाहिए। दादा-दादी या नाना-नानी का स्नेह भी महत्वपूर्ण है, लेकिन उन्हें बच्चों के लिए तय आर्थिक नियमों का सम्मान करना चाहिए।

5. जरूरत और चाहत के बीच अंतर बताएं

वित्तीय समझ विकसित करने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका बच्चों को जरूरत और चाहत के बीच अंतर सिखाना है। भोजन, पढ़ाई की सामग्री और जरूरी कपड़े आवश्यकताएं हैं, जबकि नया खिलौना, महंगा खेल या बार-बार बदलने वाला इलेक्ट्रॉनिक सामान इच्छा की श्रेणी में आ सकता है। उम्र के अनुसार बच्चों को उदाहरण देकर यह अंतर समझाया जा सकता है। यदि उनके पास सीमित राशि है, तो उन्हें दो विकल्पों में से एक चुनने को कहें। उदाहरण के लिए, वे उस पैसे से कोई खिलौना खरीद सकते हैं या कुछ सप्ताह बचत करके अधिक उपयोगी वस्तु ले सकते हैं।

6. भावनात्मक दबाव में खरीदारी न करें

कई बार माता-पिता काम में व्यस्त रहने या बच्चों के साथ कम समय बिता पाने के कारण अपराधबोध महसूस करते हैं। इसकी भरपाई के लिए वे बच्चों को महंगे उपहार देते हैं या उनकी हर मांग पूरी कर देते हैं। इसी तरह, गलती करने या गुस्से में डांटने के बाद भी कुछ माता-पिता उपहार देकर स्थिति संभालने की कोशिश करते हैं। यह तरीका बच्चों को गलत संदेश दे सकता है कि नाराजगी, गलती या भावनात्मक दूरी को खरीदारी से दूर किया जा सकता है। बेहतर होगा कि माता-पिता बच्चों से खुलकर बात करें, उनके साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताएं और गलती होने पर उसे स्वीकार कर सुधार करें। पैसे के बजाय संवाद और व्यवहार को महत्व देना ज्यादा प्रभावी है।

7. छोटे आर्थिक फैसले लेने का अवसर दें

बच्चों को जिम्मेदार बनाने के लिए उन्हें उम्र के अनुरूप छोटे फैसले लेने देना चाहिए। खरीदारी के समय उन्हें तय बजट में से सामान चुनने दें। जेबखर्च देते हैं तो उसके कुछ हिस्से को खर्च, कुछ को बचत और जरूरत पड़ने पर कुछ को दूसरों की मदद के लिए अलग रखने की आदत डालें। बड़े बच्चों को बैंक खाते, बचत योजनाओं, ब्याज व चक्रवृद्धि वृद्धि जैसी अवधारणाओं की शुरुआती जानकारी भी दी जा सकती है। उन्हें यह समझाएं कि छोटी बचत भी समय के साथ बड़ी राशि बन सकती है।

जरूरत के समय पीपीएफ या पर्सनल लोन, कौन है बेहतर

ब्याज दर से लेकर चुकाने की अवधि तक समझें दोनों विकल्पों का अंतर

कम ब्याज के साथ भुगतान की शर्तों पर भी दें ध्यान

यदि आपके पास पात्र पीपीएफ खाता है, कम रकम की जरूरत है और आप तय अवधि में कर्ज चुका सकते हैं, तो पीपीएफ लोन कम लागत वाला विकल्प हो सकता है। लेकिन यदि बड़ी रकम चाहिए, पीपीएफ लोन की पात्रता नहीं है या नियमित मासिक किस्तों में भुगतान करना सुविधाजनक है, तो पर्सनल लोन पर विचार किया जा सकता है।


अचानक पैसों की जरूरत पड़ने पर सबसे बड़ी चुनौती होती है कि रकम कहां से जुटाई जाए और उस पर कितना ब्याज चुकाना पड़ेगा। ऐसे समय में बैंक से पर्सनल लोन लेना एक आम विकल्प है, लेकिन यदि आपका सार्वजनिक भविष्य निधि यानी पीपीएफ खाता है तो उससे भी कर्ज लिया जा सकता है। दोनों विकल्पों में ब्याज दर, कर्ज की सीमा और भुगतान की अवधि का बड़ा अंतर है। इसलिए केवल कम ब्याज देखकर फैसला करने के बजाय अपनी जरूरत और भुगतान क्षमता को समझना जरूरी है।

ब्याज दर में बड़ा अंतर

पीपीएफ खाते पर मिलने वाले कर्ज का सबसे बड़ा आकर्षण इसकी कम ब्याज दर है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इस पर सालाना एक प्रतिशत ब्याज लिया जाता है। हालांकि, मूल रकम समय पर नहीं चुकाने पर बकाया राशि पर ब्याज की दर बढ़कर छह प्रतिशत सालाना हो सकती है। इसलिए कम ब्याज का लाभ तभी मिलेगा, जब कर्ज की शर्तों का पालन किया जाए। दूसरी ओर, पर्सनल लोन की ब्याज दर बैंक, वित्तीय कंपनी, ग्राहक के क्रेडिट स्कोर और अन्य पात्रता शर्तों पर निर्भर करती है। यह सामान्यतः पीपीएफ लोन से काफी अधिक हो सकती है। कर्ज लेने से पहले ब्याज दर के साथ प्रोसेसिंग फीस और अन्य शुल्क भी जांचने चाहिए।

कितनी रकम मिलेगी

पीपीएफ से मिलने वाले कर्ज की सीमा खाते में मौजूद पात्र राशि और योजना के नियमों पर निर्भर करती है। सामान्य नियम के अनुसार, संबंधित आवेदन वाले वर्ष से पहले के दूसरे वित्त वर्ष के अंत में खाते में मौजूद पात्र बैलेंस का अधिकतम 25 प्रतिशत तक कर्ज मिल सकता है। इसके लिए खाते की अवधि और अन्य पात्रता शर्तें भी पूरी करनी होती हैं। पर्सनल लोन में मिलने वाली रकम ग्राहक की आय, नौकरी या कारोबार, क्रेडिट हिस्ट्री और बैंक की नीतियों के आधार पर तय होती है। यदि अधिक रकम की जरूरत है और पीपीएफ खाते से मिलने वाला कर्ज पर्याप्त नहीं है, तो पर्सनल लोन उपयोगी विकल्प हो सकता है।



भुगतान की अवधि भी समझें

पीपीएफ लोन में मूल रकम चुकाने के लिए 36 महीने यानी तीन साल तक का समय मिलता है। इसके बाद ब्याज चुकाने के लिए भी योजना के नियमों का पालन करना होता है। भुगतान में देरी होने पर ब्याज का बोझ बढ़ सकता है। पर्सनल लोन में आम तौर पर हर महीने समान किस्त यानी ईएमआई चुकानी होती है। इसकी अवधि एक साल से लेकर कई साल तक हो सकती है। लंबी अवधि चुनने से मासिक किस्त कम हो सकती है, लेकिन कुल ब्याज अधिक चुकाना पड़ सकता है। इसलिए केवल कम ईएमआई देखकर लंबी अवधि का विकल्प नहीं चुनना चाहिए।

किस स्थिति में कौन सा विकल्प बेहतर?

यदि आपके पास पात्र पीपीएफ खाता है, कम रकम की जरूरत है और आप तय अवधि में कर्ज चुका सकते हैं, तो पीपीएफ लोन कम लागत वाला विकल्प हो सकता है। लेकिन यदि बड़ी रकम चाहिए, पीपीएफ लोन की पात्रता नहीं है या नियमित मासिक किस्तों में भुगतान करना सुविधाजनक है, तो पर्सनल लोन पर विचार किया जा सकता है। कितनी रकम चाहिए, कर्ज कितने समय में चुकाया जा सकेगा और सभी शुल्क जोड़ने के बाद कुल भुगतान कितना होगा। कम ब्याज वाला विकल्प तभी बेहतर है, जब उसकी भुगतान शर्तें आपकी आर्थिक स्थिति के अनुकूल हों।

दस साल में मिडकैप ने दिया सबसे ज्यादा रिटर्न, जोखिम भी कम नहीं

मिडकैप फंड मध्यम आकार की सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश करते हैं। ऐसी कंपनियों के पास कारोबार बढ़ाने और नए बाजारों में विस्तार करने की संभावनाएं हो सकती हैं। यदि कंपनी की आय, मुनाफा और कारोबार तेजी से बढ़ता है, तो उसके शेयरों को भी फायदा मिल सकता है। यही वजह है कि अनुकूल बाजार में मिडकैप फंड बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

निवेश मंत्रा

शेयर बाजार में निवेश करने वालों के सामने अक्सर यह सवाल रहता है कि म्यूचुअल फंड की किस श्रेणी में पैसा लगाने से बेहतर रिटर्न मिल सकता है। कोई ज्यादा कमाई की उम्मीद में मिडकैप फंड चुनता है तो कोई अपेक्षाकृत बड़ी और स्थापित कंपनियों में निवेश के लिए लार्जकैप को प्राथमिकता देता है। वहीं, फ्लेक्सीकैप फंड में निवेश करने वालों को बड़ी, मध्यम और छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेश का विकल्प मिलता है। आईसीआरए एनालिटिक्स की सितंबर 2026 की रिपोर्ट बताती है कि पिछले पांच और दस साल के औसत सालाना रिटर्न में मिडकैप फंड सबसे आगे रहे। हालांकि, अधिक रिटर्न का अर्थ यह नहीं है कि हर निवेशक के लिए यही सबसे अच्छा विकल्प है।

पांच और दस साल का रिटर्न कितना रहा?

आईसीआरए एनालिटिक्स के म्यूचुअल फंड आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2026 तक की अवधि में तीनों श्रेणियों का औसत सालाना रिटर्न इस प्रकार रहा।

फंड श्रेणी	1 साल	3 साल	5 साल	10 साल
लार्जकैप	3.78%	8.05%	7.20%	10.72%
मिडकैप	5.24%	14.22%	13.41%	14.80%
फ्लेक्सीकैप	0.91%	10.33%	9.38%	12.48%

मिडकैप का औसतन रिटर्न 5 साल में 13.41%

आंकड़ों के अनुसार, मिडकैप फंड ने पांच साल में औसतन 13.41 प्रतिशत और दस साल में 14.80 प्रतिशत सालाना रिटर्न दिया। फ्लेक्सीकैप का रिटर्न क्रमशः 9.38 और 12.48 प्रतिशत रहा। लार्जकैप फंड पांच साल में 7.20 प्रतिशत और दस साल में 10.72 प्रतिशत के औसत सालाना रिटर्न पर रहे। इस तरह लंबी अवधि के प्रदर्शन में मिडकैप ने दोनों श्रेणियों को पीछे छोड़ा।

मिडकैप में ज्यादा कमाई की संभावना क्यों?

मिडकैप फंड मध्यम आकार की सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश करते हैं। ऐसी कंपनियों के पास कारोबार बढ़ाने और नए बाजारों में विस्तार करने की संभावनाएं हो सकती हैं। यदि कंपनी की आय, मुनाफा और कारोबार तेजी से बढ़ता है, तो उसके शेयरों को भी फायदा मिल सकता है। यही वजह है कि अनुकूल बाजार में मिडकैप फंड बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।



लार्जकैप में अपेक्षाकृत स्थापित कंपनियां

लार्जकैप फंड मुख्य रूप से बड़ी और स्थापित कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं। इन कंपनियों का कारोबार व्यापक और संचालन अपेक्षाकृत मजबूत हो सकता है। जो निवेशक छोटी कंपनियों के उतार-चढ़ाव से असहज होते हैं, वे इस श्रेणी पर विचार कर सकते हैं। हालांकि, लार्जकैप का अर्थ पूंजी की सुरक्षा नहीं है। शेयर बाजार में गिरावट आने पर बड़ी कंपनियों के शेयर भी टूट सकते हैं और फंड का मूल्य घट सकता है। पांच और दस साल के औसत रिटर्न में इस श्रेणी का प्रदर्शन मिडकैप तथा फ्लेक्सीकैप से पीछे रहा।

फ्लेक्सीकैप में निवेश की अधिक स्वतंत्रता

फ्लेक्सीकैप फंड के प्रबंधक नियामकीय नियमों के तहत बड़ी, मध्यम और छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेश कर सकते हैं। इससे बाजार की परिस्थितियों और कंपनियों की संभावनाओं के अनुसार निवेश का अनुपात बदलने की सुविधा मिलती है। इस श्रेणी ने पांच और दस साल के औसत रिटर्न में लार्जकैप से बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन मिडकैप से पीछे रही। यह जरूरी नहीं कि हर फ्लेक्सीकैप फंड का जोखिम या रिटर्न समान हो। उसका प्रदर्शन इस बात पर भी निर्भर करता है कि प्रबंधक ने किन कंपनियों और क्षेत्रों में कितना निवेश किया है।

सितंबर की गिरावट ने जोखिम भी दिखाया

लंबी अवधि के बेहतर रिटर्न के बावजूद सितंबर 2026 में तीनों श्रेणियों का औसत प्रदर्शन नकारात्मक रहा। लार्जकैप फंड में औसतन 5.87 प्रतिशत, मिडकैप में 6.04 प्रतिशत और फ्लेक्सीकैप में 5.03 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इससे स्पष्ट है कि लंबी अवधि में अच्छा प्रदर्शन करने वाली श्रेणी भी किसी महीने में बड़ी गिरावट झेल सकती है। इसलिए निवेशक को यह नहीं मानना चाहिए कि मिडकैप ने दस साल में सबसे ज्यादा रिटर्न दिया है तो वह आगे भी हर परिस्थिति में सबसे बेहतर रहेगा।

निवेशकों का भरोसा किस श्रेणी पर?

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के सितंबर के आंकड़ों के अनुसार, मिडकैप फंड में 7,835 करोड़ का शुद्ध निवेश आया। अगस्त में यह राशि 6,989 करोड़ थी। फ्लेक्सीकैप में शुद्ध निवेश 6,702 करोड़ रहा, जो अगस्त के 5,059 करोड़ रुपये से अधिक था। लार्जकैप फंड में सितंबर में 859 करोड़ का शुद्ध निवेश आया, जबकि अगस्त में 1,147 करोड़ की शुद्ध निकासी हुई थी। 30 सितंबर 2026 को फ्लेक्सीकैप फंड की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां 5.88 लाख करोड़ रुपये, मिडकैप की 5.14 लाख करोड़ रुपये और लार्जकैप की 3.90 लाख करोड़ रुपये थीं।



मेसी के गोल से इंटर मियामी की जीत, गोल्डन बूट की दौड़ में आगे

एजेंसी ▸▸ फॉक्सबोरो

लियोनेल मेसी ने एक बेहतरीन असिस्ट और मैच के आखिर में किए गए गोल की मदद से इंटर मियामी को न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही टीम ने अगले साल होने वाले कॉन्काकैफ चैंपियंस कप में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस जीत से मियामी एमएलएस कप प्लेऑफ से पहले ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में नंबर 2 सीड की स्थिति में पहुंच गई है। इस सीजन में मेसी के नाम अब 26 गोल और 16 असिस्ट हो गए हैं। इसके साथ ही वह लगातार तीसरी बार एमएलएस एमवीपी अवार्ड और लगातार दूसरी बार 'गोल्डन बूट' जीतने की रेस में सबसे आगे हो गए हैं।



पहले 45 मिनट में कड़ा मुकाबला

पहले 45 मिनट तक दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला रहा और हाफ टाइम तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। इस दौरान इंटर मियामी को 28वें मिनट में एक अच्छा मौका मिला, जब मेक्सिकन खिलाड़ी बर्टेरामे ने बॉक्स के बाईं ओर से बाएं पैर से शॉट मारा, जिसे न्यू इंग्लैंड के गोलकीपर मैट टर्नर ने बचा लिया।

इंटर मियामी ने दिखाया शानदार टीम वर्क

दूसरे हाफ में, 53वें मिनट में डेनियल गाजदाग के गोल की बदौलत मेजबान टीम (न्यू इंग्लैंड) ने खाता खोला। 69वें मिनट में इंटर मियामी ने शानदार टीम वर्क दिखाते हुए स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। सेगोविया ने बॉक्स के अंदर एक 'लॉब' पास दिया, जिस पर मेसी ने हेडर से गेंद को बर्टेरामे की तरफ बढ़ाया। बर्टेरामे ने बॉक्स के बीच से एक जोरदार हेडर लगाकर गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। यह इस रेगुलर सीजन में बर्टेरामे का 10वां गोल था, जबकि मेसी का यह इस लीग सीजन का 16वां असिस्ट रहा।

इंटर मियामी ने पलटा मैच का पासा

83वें मिनट में इंटर मियामी ने मैच का पासा पूरी तरह से पलटा। एक बेहतरीन पासिंग सीक्वेंस के बाद मेसी ने निर्णायक गोल किया। सुआरेज ने बॉक्स के बाहर बीच में मेसी को गेंद दी, जहां अर्जेंटीना के इस स्टार खिलाड़ी ने तीन डिफेंडरों को छकाया। इसके बाद सेगोविया के साथ मिलकर वह बॉक्स के अंदर पहुंचे और एक सटीक शॉट के जरिए गेंद को गोल पोस्ट के निचले दाएं कोने में पहुंचा दिया।

मेसी के कुल गोल की संख्या हुई 26

इस गोल के साथ मेसी के कुल गोल की संख्या 26 हो गई है, जिससे वह एमएलएस 2026 गोल्डन बूट की रेस में सबसे आगे निकल गए हैं। वहीं, इस रेगुलर सीजन में सेगोविया के असिस्ट की संख्या 12 हो गई है। इसके बाद 1-2 की स्कोरलाइन अंतिम सीटी बजने तक कायम रहा, जिससे इंटर मियामी ने अपने घर से बाहर खेलते हुए तीन अंक हासिल किए।

खबर संक्षेप



चेक ओपन स्क्वाश के फाइनल में सेंथिलकुमार

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वेलवन सेंथिलकुमार ब्रनो में चल रहे 35,000 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए चेक ओपन के फाइनल में पहुंच गए हैं। विश्व रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार ने सेमीफाइनल में विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज फ्रांसीसी खिलाड़ी ऑगस्टे डुसॉर्ड को सीधे गेम में 11-7, 12-10, 11-1 से हराया। इससे पहले उन्होंने क्वार्टरफाइनल में अर्जेंटीना के आठवीं वरीयता प्राप्त जेरेमियास अज्ञाना को 11-3, 11-8, 11-7 से और दूसरे दौर में ब्राजील के डिएगो गोब्बी को 11-4, 11-7, 11-2 से हराया था। उन्हें पहले दौर में बाइ मिली थी। पिछले महीने जापान में एशियाई खेलों में मिश्रित टीम वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाले सेंथिलकुमार खिताबी मुकाबले में यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज स्कॉटलैंड के ग्रेग लोब्बन से भिड़ेंगे।

जम्मू कश्मीर ने जीती बधिर टी-20 चैंपियनशिप



सूरत। जम्मू कश्मीर ने फाइनल में राजस्थान को हराकर बधिरों की आईडीसीए 10वीं टी20 राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप का खिताब जीता। इस चैंपियनशिप में 14 राज्यों की टीमों ने भाग लिया था, जो भारत में बधिर क्रिकेट के निरंतर विकास में महत्वपूर्ण साबित होगा। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ बधिर क्रिकेटरों के लिए खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और उनकी प्रतिभा और उपलब्धियों को अधिक मान्यता दिलाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। आईडीसीए का नए क्षेत्रों तक पहुंचने का लक्ष्य है, जिससे कि बधिर क्रिकेट को पहचान मिल सके।

इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम का ऐलान



ब्रिस्बेन। मैट रेनशॉ और कैमरन ग्रीन को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया का कार्यक्रम काफी व्यस्त है और इसलिए तेज गेंदबाजी की तिकड़ी मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस को इस महीने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे और टी20 श्रृंखला से विश्राम दिया गया है ताकि वह 9 दिसंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला की तैयारी कर सकें। ग्रीन और रेनशॉ को एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस, ट्रैविस हेड और कूपर कॉनॉली के साथ 13, 15 और 18 नवंबर को होने वाले तीन घरेलू वनडे मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में चुना गया है।

रणजी ट्रॉफी मध्य प्रदेश की टीम 209 रन पर सिमटी

हर्ष की फिरकी का कहर, एक पारी में 53 रन देकर झटके शानदार 9 विकेट

एजेंसी ▸▸ नागपुर

बाएं हाथ के फिरकी ऑलराउंडर हर्ष दुबे ने रणजी ट्रॉफी के चौथे राउंड के मुकाबले में 9 विकेट लेकर धूम मचा दी। विदर्भ की ओर से खेलते हुए उन्होंने मध्यप्रदेश के सामने 53 रन देकर 9 बल्लेबाजों को आउट किया। हर्ष दुबे महज एक विकेट से मध्य प्रदेश के सभी 10 बल्लेबाजों को आउट करने से चूक गए। यह एक सफलता नचिकेत भुटे को मिला, जिन्होंने मध्य प्रदेश का पहला विकेट गिराया। इसके बाद के सभी नौ विकेटों को हर्ष दुबे ने गिराया। नागपुर में हो रहे मुकाबले के पहले दिन मध्य प्रदेश की टीम 209 रन पर सिमट गई। उसकी तरफ से अथर्व महाजन ने सबसे ज्यादा 85 रन बनाए। जवाब में विदर्भ की हालत भी खराब है। दिन की समाप्ति होने तक उसके 4 विकेट 56 रन पर गिर चुके थे।



हर्ष ने 2022 में किया था डेब्यू

हर्ष दुबे ने 2022 में विदर्भ की ओर से फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था। उन्होंने अपने पहले ही डेब्यू रणजी सीजन में तीन मैच खेले थे और पांच विकेट निकाले थे। इसके अगले सीजन पांच मुकाबले खेले और 23 विकेट लिए थे। वे 2024-25 के सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। तब उन्होंने 10 मैच में 16.98 की औसत से 69 विकेट लिए थे। उन्होंने पिछले रणजी सीजन में तीन ही मैच खेले थे और 14 शिकार किए थे। वर्तमान सीजन में वे अभी तक 23 विकेट ले चुके हैं और सर्वाधिक विकेट वाले गेंदबाजों में तीसरे नंबर पर हैं। उनसे आगे कार्तिक त्यागी (उत्तर प्रदेश) और तनय त्यागराजन (हैदराबाद) हैं, जिनके नाम 24 विकेट हैं।

मयंक मिश्रा की घातक गेंदबाजी के आगे बिखरी हरियाणा की पारी, उत्तराखंड मजबूत स्थिति में



रोहतक। रणजी ट्रॉफी के एक रोमांचक मुकाबले में उत्तराखंड ने हरियाणा के खिलाफ अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है। अभिमन्यु क्रिकेट अकादमी ग्राउंड देहरादून पर खेले जा रहे इस मैच के पहले दिन उत्तराखंड के गेंदबाजों ने शानदार अनुशासन का परिचय देते हुए हरियाणा की पूरी टीम को पहली पारी में महज 153 रनों पर समेट दिया। दिन का खेल समाप्त होने तक उत्तराखंड ने बिना किसी नुकसान के 59 रन बना लिए हैं और वह पहली पारी के आधार पर अब केवल 94 रन पीछे है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की शुरुआत बेहद खराब रही। उत्तराखंड के अनुभवी स्पिनर मयंक मिश्रा ने कहर बरपाते हुए हरियाणा के बल्लेबाजों को क्रीज पर टिकने का कोई मौका नहीं दिया। मयंक ने सटीक लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करते हुए 23 ओवरों में 57 रन देकर 6 महत्वपूर्ण विकेट झटके। उनका साथ निभाते हुए देवेंद्र बोरा ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट अपने नाम किए। हरियाणा की ओर से कनिष्क चौहान ने सर्वाधिक 24 रन बनाए, जबकि निचले क्रम में तन्मय बालोदा ने 21 और अजीत चहल ने 16 रनों का योगदान दिया, जिससे टीम 150 के पार पहुंच सकी। इसके बाद पहली पारी खेलने उतरी उत्तराखंड के सलामी बल्लेबाजों ने बेहद सूझबूझ और संयम का परिचय दिया। स्टंप्स के समय आरव महाजन 33 रन और डेगा निश्चल 25 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। दोनों बल्लेबाजों ने बिना कोई विकेट गंवाए 59 रन जोड़कर टीम को सुरक्षित शुरुआत दिलाई।

चोला शतरंज इंटरनेशनल

दस साल के सरबर्थो मणि ने किया उलटफेर, ग्रीस ग्रैंडमास्टर को दी मात



एजेंसी ▸▸ चेन्नई

पहले चोला शतरंज इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट में 10 साल के भारतीय खिलाड़ी सरबर्थो मणि ने ऐसा कारनामा कर दिखाया, जिसने सभी को हैरान कर दिया। फिडे मास्टर सरबर्थो ने दूसरे दौर के मुकाबले में ग्रीस के ग्रैंडमास्टर दिमित्रिस एलेक्साकिस को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

मुकाबले में एक समय ऐसा था, जब 15वीं चाल के बाद सरबर्थो मणि की लगभग हार नजर आ रही थी। सरबर्थो मणि के प्रतिद्वंद्वी को दो प्यादों की बढ़त हासिल थी। इसके बावजूद कोलकाता के इस नन्हें खिलाड़ी ने शानदार वापसी की और 58वीं चाल पर ग्रीक ग्रैंडमास्टर को हार मानने पर मजबूर कर दिया। दिलचस्प बात यह रही कि मुकाबला खत्म होने पर सरबर्थो मणि के पास घड़ी में 1 घंटा 12 मिनट का समय बचा था, जबकि दिमित्रिस एलेक्साकिस के पास महज 36 सेकंड शेष थे।

58वीं चाल में एलेक्साकिस को हराया

दिमित्रिस एलेक्साकिस के खिलाफ सरबर्थो मणि की जीत कई मायनों में खास रही। मुकाबले की 15वीं चाल तक उनकी स्थिति काफी खराब हो चुकी थी और जीत की उम्मीद भी कम नजर आ रही थी। इसके बावजूद 10 साल के सरबर्थो ने शानदार वापसी करते हुए 58वीं चाल पर ग्रीस के ग्रैंडमास्टर को हार मानने पर मजबूर कर दिया। इस जीत के साथ उन्होंने रेटिंग के बड़े अंतर को भी गलत साबित कर दिया।

शुरुआती चालों में मुश्किल में घिर थे सरबर्थो

सरबर्थो मणि शुरुआती चालों में ही मुश्किल में घिर गए थे। वह अपने प्रतिद्वंद्वी के राजा की तरफ दबाव बनाने की कोशिश कर रहे थे, जबकि एलेक्साकिस शतरंज की बिसात के बीच वाले हिस्से को खोलकर हमला करने की तैयारी में थे। 15 चालों के बाद खेल का आकलन करने वाले कंप्यूटर ने ग्रीस के ग्रैंडमास्टर को दो प्यादों के बराबर बढ़त दी थी।

युवा ओलंपिक

फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला तैराक बनीं धिनिधि



एजेंसी ▸▸ डकार

भारतीय तैराक धिनिधि देसिंघु सोमवार को यहां युवा ओलंपिक की महिला 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला तैराक बन गईं।

बेंगलुरु की 16 वर्षीय धिनिधि ने अपनी हीट में 56.80 सेकंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने सभी प्रतियोगियों में तीसरे सबसे तेज तैराक के रूप में फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उनसे आगे क्रोएशिया की एना बोबानोविच (56.22 सेकंड) और न्यूजीलैंड की एलिसा लॉसन (56.53 सेकंड) रहीं। युवा ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली धिनिधि तीसरी भारतीय तैराक हैं। उनसे पहले 2018 में दो बार ओलंपिक में हिस्सा ले चुके श्रीहरि नटराज और मौजूदा सत्र में तीर्थंक पेगू यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। धि नि धि 2024 पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल की सबसे युवा सदस्य थीं।

जूडो में जीतीं 15 वर्षीय खुशबू

जूडो स्पर्धा में भारत की खुशबू राजकभाई दरजादा ने महिला 63 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में गिनी की मामइस्सता कैमारा को 1-0 से शिकस्त दी। इस 15 वर्षीय खिलाड़ी ने 'युको' के जरिए यह मुकाबला अपने नाम किया। जूडो में 'युको' एक प्रभावी तकनीक के इस्तेमाल पर दिया जाने वाला कम अंक होता है। मुकाबले के दौरान कैमारा को रेफरी ने एक मामूली दंड 'एक शिदो' भी दिया। यह दंड खेल के नियमों के मामूली उल्लंघन जैसे निष्क्रियता दिखाने, गलत आक्रमण करने, निर्धारित सीमा से बाहर जाने या अवैध पकड़ बनाने पर दिया जाता है।

वनडे सीरीज : भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे चैपमैन और रविंद्र

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के सीनियर बल्लेबाज मार्क चैपमैन और रचिन रविंद्र अभी तक चोटों से नहीं उबर पाए हैं और इस कारण बुधवार से भारत के खिलाफ होने वाली 5 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। चैपमैन अपनी हैमस्ट्रिंग (जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं, जबकि रविंद्र अभी भी अपने कंधे की चोट से उबर नहीं पाए हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, 'हाल में किए गए एमआरआई से पता चला है कि चैपमैन को बायीं हैमस्ट्रिंग की चोट से पूरी तरह उबरने में अभी दो सप्ताह का समय लगेगा जबकि रविंद्र दाहिने कंधे की चोट के कारण अभी अपनी पूरी क्षमता से फील्डिंग नहीं कर पा रहे हैं।' इन दोनों के बाहर होने से चौथे और पांचवें वनडे के लिए चुने गए टिम सीफर्ट अब पूरी श्रृंखला के लिए टीम में बने रहेंगे, जबकि हेनरी निकोल्स पहले तीन मैचों में खेलेंगे। डीन फॉक्सक्रॉफ्ट को श्रृंखला के चौथे और पांचवें मैच के लिए टीम में शामिल किया गया है।



न्यूजीलैंड ए को पहली पारी में बढ़त सिराज और मुकेश ने झटके 9 विकेट

एजेंसी ▸▸ क्राइस्टचर्च

मोहम्मद सिराज ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले लय हासिल करते हुए भारत ए की तरफ से न्यूजीलैंड ए के खिलाफ 4 विकेट लिए लेकिन वह मेजबान टीम को दूसरे अनौपचारिक टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन सोमवार को यहां पहली पारी में 78 रन की बढ़त हासिल करने से नहीं रोक पाए।

न्यूजीलैंड की टीम के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड का स्कोर एक समय 8 विकेट पर 338 रन था लेकिन इसके बाद उसने अंतिम दो विकेट गंवाने से पहले 86 रन जोड़े। इस तरह से उसकी टीम भारत के 346 रन के जवाब में 424 रन बनाने में सफल रही।



भारत ए 46 रन पीछे

भारत ए ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 32 रन बनाए और इस तरह से वह अभी न्यूजीलैंड की टीम से 46 रन पीछे है। स्टंप उखड़ने के समय यशस्वी जायसवाल 20 और साई सुदर्शन 11 रन पर खेल रहे थे। इससे पहले तेज गेंदबाज सिराज ने 35 ओवरों में 118 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि एक अन्य तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने 29 ओवर 87 रन देकर 5 विकेट झटके।

आज से 5 लाख डॉलर इनामी सुपर 500 टूर्नामेंट

कोरिया ओपन से हटे लक्ष्य, भारतीय चुनौती संभालेंगे प्रणय

एजेंसी ▸▸ यिओसु।

जर्मनी में हाइलो ओपन का खिताब जीतने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन कोरिया ओपन से हट गए हैं, जिसके बाद मंगलवार से शुरू होने वाले इस 5 लाख डॉलर इनामी सुपर 500 टूर्नामेंट में अनुभवी एचएस प्रणय भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। लक्ष्य को पहले दौर में चीन के डोंग तियान याओ से भिड़ना था लेकिन उन्होंने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है।

प्रणय अपने अभियान की शुरुआत दक्षिण कोरिया के यू ताए बिन के खिलाफ करेंगे। 33 वर्षीय प्रणय अंतरराष्ट्रीय सर्किट में भारत के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं और लक्ष्य की गैरमौजूदगी में पुरुष एकल में उन पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। पुरुष एकल में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीय चोउ तिएन चेन, जापान के तीसरे वरीय कोडाई नाराओका और कनाडा के विक्टर लाई जैसे मजबूत खिलाड़ी भी चुनौती पेश करेंगे।



सोनाली और रितिका का सामना ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी से

महिला युगल में भारत की सोनाली सिंह और रितिका ठाकेर का सामना ऑस्ट्रेलिया की लौडिया चेल्सी ग्रिसेल्डा और नोजोमी शिमिजू से होगा। मिश्रित युगल में ध्रुव रावत और के मनीषा भारतीय चुनौती पेश करेंगे। पहले दौर में उनका मुकाबला झू यी जुन और ली कियान की सातवीं वरीयता प्राप्त चीन की जोड़ी से होगा।

सुइजु के खिलाफ उतरेंगी तन्वी

महिला एकल में तन्वी शर्मा अपने अभियान की शुरुआत जापान की मनामी सुइजु के खिलाफ उतरेंगी। इस साल ताइपे ओपन का खिताब जीतने वाली इस युवा भारतीय खिलाड़ी ने खुद को उभरती प्रतिभाओं में शामिल किया है। मालविका बंसोड़ को पहले दौर में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। उनका मुकाबला दक्षिण कोरिया की चौथी वरीय सिम यू जिन से होगा। अनमोल खरब कनाडा की रेचल चान से भिड़ेंगी। 19 वर्षीय अनमोल का जर्मनी में प्रदर्शन प्रभावशाली रहा था, जहां उन्होंने दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। कोरिया ओपन में उनके पास एक बार फिर ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ियों के खिलाफ अपनी क्षमता साबित करने का मौका होगा।

भारतीयों के लिए ब्रिटेन में नौकरी हासिल करना और पढ़ना हो जाएगा आसान!

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन हायर एजुकेशन के साथ-साथ नौकरी के लिए भी एक लोकप्रिय ठिकाना रहा है। यहां काम करने वाले भारतीयों की तादाद लाखों में है। हालांकि, पिछले कुछ समय में इमिग्रेशन नियमों में हुए बदलावों ने भारतीयों की मुश्किलें बढ़ाई हैं। अब ब्रिटेन में इमिग्रेशन नीति में एक बार फिर बड़े बदलाव की तैयारी हो रही है। सरकार के 2026 के बजट में इसके लिए रूपरेखा पेश की गई है।

इन बदलावों का असर भारतीय पेशेवरों, छात्रों और विदेशी कर्मचारियों को नौकरी देने वाली कंपनियों पर पड़ सकता है। सरकार का मुख्य उद्देश्य ब्रिटेन और उसके विभिन्न क्षेत्रों की आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए कुशल कामगारों को आकर्षित करना है। प्रस्तावित बदलाव लागू होने पर भारतीय छात्रों और कामगारों को इसका सीधा फायदा मिल सकता है। ब्रिटेन में पिछले कुछ समय से इमिग्रेशन नियमों में लगातार बदलाव किए गए हैं। इससे पढ़ाई और नौकरी के लिए वहां गए भारतीयों की चिंताएं बढ़ी हैं। कई भारतीयों के लिए ब्रिटेन में लंबे समय तक रहना मुश्किल हो गया है। पोस्ट-ग्रेजुएट वीजा की अवधि कम करने के ऐलान ने भी उनकी चिंता बढ़ाई थी। हालांकि, अब सरकार के नए प्रस्तावों से स्थिति में बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है। ये घोषणाएं ऐसे समय में की जा रही हैं, जब ब्रिटेन आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। देश की आर्थिक विकास दर के अनुमान घटाए गए हैं, कर्ज लेने की लागत बढ़ रही है, वित्तीय निवेश की गुंजाइश कम हो रही है और ऊर्जा की कीमतों में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे हालात में सरकार सार्वजनिक खर्च बढ़ाए बिना व्यापारिक निवेश और उत्पादकता को बढ़ावा देना चाहती है।

सैलरी लिमिट में बदलाव, एचपीआई वीजा का दायरा बढ़ाने की तैयारी

दो साल का ग्रेजुएट वीजा भी रहेगा जारी, और भी मिलेंगी राहतें

ब्रिटेन का इमिग्रेशन प्लान बदलेगा, जिससे आसान होंगे रास्ते

ब्रिटेन इन दिनों चुनौतियों से जूझ रहा है, कर्ज भी बढ़ रहा है

ब्रिटेन सरकार के 2026 के बजट में इसके लिए रूपरेखा पेश की



फाइल फोटो

नौकरी के हिसाब से वेतन सीमा को बढाने की योजना तैयार

इस तरह के होंगे बदलाव

- स्किल वर्कर्स की सैलरी लिमिट: नौकरी के हिसाब से वेतन सीमा को 25वें पर्सेंटाइल पर वापस लाने की योजना है
- एचपीआई वीजा का विस्तार: हाई पोटेंशियल इंडिविजुअल (एचपीआई) वीजा का दायरा बढ़ाया जाएगा
- ग्रेजुएट वीजा जारी रहेगा: विदेशी छात्रों के लिए दो साल का ग्रेजुएट वीजा बरकरार रखा जाएगा
- अधिक रियायती समय: कुछ उच्च कौशल वाले प्रायोजित कर्मचारियों को नौकरी या स्पॉन्सरशिप बदलने की स्थिति में ब्रिटेन में रुकने के लिए अधिक समय देने का प्रस्ताव है।

स्किल वर्कर और अन्य वीजा रूट में बदलाव

बजट में सरकार ने दोहराया है कि उसका जोर कम कौशल वाले कामगारों के इमिग्रेशन को सीमित करने और चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं के लिए रास्ता आसान बनाने पर है। नौकरी के हिसाब से वेतन सीमा को 25वें पर्सेंटाइल पर लाने के साथ सामान्य न्यूनतम वेतन सीमा भी बढ़ाई जाएगी। इससे उन क्षेत्रों की कंपनियों को राहत मिल सकती है, जहां औसत वेतन कम होने के कारण विदेशी पेशेवरों को नौकरी पर रखना और उनके लिए स्पॉन्सरशिप हासिल करना मुश्किल था। एचपीआई वीजा का दायरा भी बढ़ाया जाएगा। यह वीजा दुनिया के चुनिंदा शीर्ष विश्वविद्यालयों से पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों को बिना किसी स्पॉन्सर के ब्रिटेन में काम करने की अनुमति देता है। वहीं, दो साल के ग्रेजुएट वीजा को जारी रखने का फैसला विदेशी छात्रों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। इस वीजा के तहत छात्र पढ़ाई पूरी करने के बाद दो साल तक ब्रिटेन में रहकर बिना स्पॉन्सरशिप के नौकरी कर सकते हैं या रोजगार की तलाश कर सकते हैं।

खबर संक्षेप

राजनाथ सिंह ने वायु सेना प्रमुख से की मुलाकात

नई दिल्ली। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायु सेना के नवनियुक्त वायु सेना प्रमुख



आशुतोष दीक्षित से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में, रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि वायु सेना प्रमुख आशुतोष दीक्षित एक बेहतरीन वायु योद्धा हैं, जो अपने शानदार नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि वायु सेना प्रमुख का आगामी कार्यकाल वायु सेना के लिए प्रगति की ओर ले जाएगा। इस बीच सुरक्षा को लेकर चर्चा भी हुई।

नेपाल में फंसे छह भारतीय निकाले गए

काठमांडू। नेपाल के शे-फोक्सुंडो राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में भारी बर्फबारी के कारण फंसे छह भारतीय पर्यटकों को सोमवार सुबह सुरक्षित



निकाल लिया गया। इनमें दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। डोल्पा जिला पुलिस के अनुसार, पर्यटकों से एक नवंबर से संपर्क टूट गया था। सोमवार को निजी हेलीकॉप्टर की मदद से उनका रेस्क्यू किया गया। सभी को दुनै स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है।

दो भारतीय कंपनियां युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य करेंगी

मिसाइल-सेंसर से लैस 8 युद्धपोत नौसेना को मिलेंगे, 53,866 करोड़ का अनुबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए 8 नए युद्धपोत बनाने के लिए 53,866.50 करोड़ के समझौते पर साइन किए हैं। ये नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट यानी नई पीढ़ी के युद्धपोत होंगे। इनमें आधुनिक मिसाइल, हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए जाएंगे। इन युद्धपोतों को बनाने की जिम्मेदारी दो भारतीय कंपनियों को दी गई है। इनमें कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) पांच और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) तीन युद्धपोत बनाएगी। सोमवार को नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-2 में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में इस समझौते पर साइन किए गए। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इन युद्धपोतों में 70% से ज्यादा सामान भारत में बनाया जाएगा। इनका डिजाइन भी भारतीय नौसेना तैयार करेगी। युद्धपोतों को 2030 तक नौसेना को सौंपने का लक्ष्य रखा गया है। यह प्रोजेक्ट सरकार के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान का हिस्सा है। इससे देश में युद्धपोत बनाने के काम को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, रक्षा क्षेत्र में दूसरे देशों पर निर्भरता कम करने और भारतीय कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इन युद्धपोतों के निर्माण से अगले 10 साल में शिपयार्ड में 72 लाख और उनसे जुड़े उद्योगों में 460 लाख काम के दिनों के बराबर रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। इसका मतलब है कि अलग-अलग लोगों को मिलाकर कुल 532 लाख दिनों तक काम मिलेगा। इस परियोजना में सरकारी रक्षा कंपनियों के साथ निजी शिपयार्ड और भारतीय उद्योग भी शामिल होंगे। इससे छोटे और मध्यम कारोबारों को भी काम के अवसर मिलेंगे।

कोलकाता की जीआरएसई 5 और जीएसएल 3 युद्धपोत बनाएगी | भारत में बने सामान और तकनीक का इनके निर्माण में इस्तेमाल होगा

दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों पर नजर रखेंगे


अनुबंध के दौरान लिया गया सामूहिक चित्र

नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट में आधुनिक मिसाइल, हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए जाएंगे। इनकी मदद से नौसेना हवा, समुद्र की सतह और पानी के नीचे से आने वाले खतरों का मुकाबला कर सकेगी। इन जहाजों का इस्तेमाल समुद्री व्यापार के रास्तों की सुरक्षा, दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों के खिलाफ कार्रवाई और तटीय सुरक्षा के लिए किया जाएगा। ये समुद्र के किनारे सैन्य अभियान चलाने और निगरानी रखने में भी मदद करेंगे।

नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट की खासियतें

- 8 नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट का वजन करीब 2,000 टन होगा।
- ये 30 नॉट यानी 55.5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकेंगे।
- इनका स्टील्थ डिजाइन भारतीय नौसेना ने खुद तैयार किया है। इन्हें आधुनिक तकनीक से बनाया जाएगा।
- ये युद्धपोत दुश्मन के जहाजों पर हमला करने, पनडुब्बियों का पता लगाने और हवाई हमलों से बचाव करने में सक्षम होंगे।
- इनका इस्तेमाल तटीय सुरक्षा, समुद्री गश्त, खोज और बचाव अभियान में भी किया जा सकेगा।
- इन्हें हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा।
- इनमें आधुनिक हथियार और सेंसर लगाए जाएंगे।
- इनकी तेज रफ्तार और आसानी से दिशा बदलने की क्षमता नौसेना की ताकत बढ़ाएगी।



ब्रसेल्स में भारत-ईयू बैठक

दिसंबर में होंगे समझौते: भारत-ईयू एफटीए लागू करने की तैयारियां तेज


बैठक में हुई विस्तृत चर्चा

ब्रसेल्स में वाणिज्य सचिव की यूरोपीय आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लागू करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसे लेकर ब्रसेल्स में हुई उच्चस्तरीय बैठकों में दोनों पक्षों ने बाजार तक पहुंच बढ़ाने, कस्टम प्रक्रियाओं को सरल बनाने और सप्लाई चेन सहयोग मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की। समझौते पर दिसंबर 2026 के मध्य तक हस्ताक्षर होने की संभावना है। इसके बाद 2027 के मध्य तक इसे लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने यूरोपीय आयोग के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा महानिदेशालय की महानिदेशक डिट्टे जूल जोर्गेनसेन, अंतरराष्ट्रीय भागीदारी महानिदेशालय के महानिदेशक कोएन डोएन्स और कराधान एवं कस्टम संघ महानिदेशालय के महानिदेशक गेरासिमोस थॉमस से मुलाकात की।

निर्यात के 99% हिस्से पर शुल्क खत्म होगा

भारत और ईयू ने 27 जनवरी 2026 को 16वें शिखर सम्मेलन में एफटीए वार्ता पूरी होने की घोषणा की थी। समझौते की कानूनी जांच और सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। इसके लागू होने पर ईयू को होने वाले भारतीय निर्यात के 99 प्रतिशत से अधिक हिस्से पर शुल्क समाप्त हो जाएगा। इससे कपड़ा, चमड़ा और आभूषण जैसे श्रम आधारित उद्योगों को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। वहीं, भारत यूरोपीय उत्पादों के 96 प्रतिशत से अधिक हिस्से पर शुल्क कम करेगा। इसमें कारों पर आयात शुल्क को चरणबद्ध तरीके से घटाकर 10 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। यह सालाना 2.5 लाख वाहनों के कोटे के तहत लागू होगा। वाणिज्य सचिव ने एंटवर्प के हीरा उद्योग के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। इसमें प्रमाणन, पारदर्शिता, जिम्मेदार सोर्सिंग और वैश्विक हीरा कारोबार की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

ईरान खुद को हथियारों से कर रहा मजबूत

जंग के बीच ईरान कई देशों से जुटा रहा हथियार

रूसी एसयू-35 फाइटर जेट से लैस होगा तेहरान, बोला-तो, डील पक्की

एसयू-35 फाइटर जेट की डील से ईरान की ताकत बढ़ेगी और सेना का हौंसला

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान ने पहली बार सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया है कि उसने रूस के साथ एसयू-35 फाइटर जेट की डील की है। ईरानी सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अक्रामिनिया ने एक इंटरव्यू में स्वीकार किया है कि यह डील पूरी हो चुकी है और युद्ध के खत्म होते ही ईरान को एसयू-35 जेट की डिलीवरी भी शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि एसयू-35 डील से ईरान की हवाई क्षमता से बड़ा इजाफा होगा, जो इजराइल और अमेरिका की आक्रामकता का सामना कर रहा है। उन्होंने इंटरव्यू के दौरान कहा कि ईरान के एसयू-35 खरीद का मुद्दा कई साल से उठाया जा रहा है।


अक्रामिनिया

खरीद और कॉन्ट्रैक्ट के लिए जो शुरुआती काम करना था, वो बहुत पहले ही पूरा हो चुका है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि ईरानी पायलटों को एसयू-35 फाइटर जेट उड़ाने की ट्रेनिंग भी मिल चुकी है। इसके अलावा ग्राउंड स्टाफ और मेंटीनेंस टीम को भी एसयू-35 के रखरखाव की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जेट के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप किए जा रहे हैं। मोहम्मद अक्रामिनिया ने बताया कि ईरान को एसयू-35 फाइटर जेट फरवरी में युद्ध के शुरू होने से पहले ही मिलने वाले थे।

उन्होंने कहा कि अगर सबकुछ ठीक रहा तो युद्ध के खत्म होते ही हमें डिलीवरी मिलनी भी शुरू हो जाएगी, जिससे हम अपनी फ्लीट में जबरदस्त इजाफा करेंगे। उन्होंने जेट की खरीद को ईरान की हवाई शक्ति को अपग्रेड करने की कोशिशों का हिस्सा बताया।

व्यापार, नवाचार, शिक्षा पर चर्चा

जयशंकर ने अमेरिका में भारत के महावाणिज्य दूतों से मुलाकात की

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत-अमेरिका संबंधों पर विस्तृत चर्चा के लिए अमेरिका में भारत के महावाणिज्य दूतों से मुलाकात की।


जयशंकर

जयशंकर ने अटलांटा में आठ महावाणिज्य दूतों के साथ बैठक की। बैठक में अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के. नागराज नायडू भी मौजूद थे जो अमेरिका और कनाडा मामलों के प्रभारी हैं। एक्स पर एक पोस्ट में जयशंकर ने कहा, आज अटलांटा में अमेरिका में तैनात भारतीय महावाणिज्य दूतों के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों पर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री ने बताया कि उन्हें व्यापार, नवाचार, शिक्षा और सामुदायिक जुड़ाव से जुड़ी नयी पहलों और मंचों के बारे में जानकारी दी गई। जयशंकर ने कहा, यह हमारे संबंधों के विस्तार और गहराई को दर्शाता है। मंत्री ने अटलांटा में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल से भी मुलाकात की। इससे पहले एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत अटलांटा में महावाणिज्य दूतावास परिसर में एक पौधा लगाया।

हादसे से पहले पायलट ने भेजा था मेडे अलर्ट

फ्लोरिडा में बिजनेस जेट क्रैश, सभी 9 लोगों की हुई मौत, 600 लोगों को सुरक्षित निकाला

एजेंसी ▶▶ फ्लोरिडा

अमेरिका के फ्लोरिडा में रविवार को एक बिजनेस जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गई। विमान टेक्सास से बहामास जा रहा था। दुर्घटना से पहले पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को आपात संदेश (मेडे कॉल) भेजकर विमान के तेजी से नीचे गिरने की जानकारी दी थी।

पायलट ने रेडियो पर बताया कि विमान में बर्फ जम रही है और तेज झटके लग रहे हैं। मौसम खराब होने के कारण उसने 2,000 फीट और ऊंचाई पर जाने की अनुमति भी मांगी थी। इसी दौरान विमान का


आग का गोला बना जेट

नियंत्रण बिगड़ गया। पायलट ने बताया कि विमान 10 हजार फीट प्रति मिनट की रफ्तार से नीचे गिर रहा है और जमीन से टकराने वाला है। इसके कुछ ही देर बाद विमान सड़क के पास जमीन से टकरा गया। जोरदार धमाके के साथ वहां बड़ा गड्ढा बन गया और आसपास आग फैल गई। हादसा रिहायशी इलाके में होने के कारण प्रशासन ने एहतियातन करीब 600 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। उनके लिए दो राहत शिविर बनाए गए। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने जांच में मदद के लिए टीम भेजी है, जो राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) के साथ दुर्घटना के कारणों की जांच करेगी।

विमान वर्ष 2004 में बना था और करीब 22 साल पुराना था। हादसे के समय इलाके में भारी बारिश, गरज-चमक और तूफान था। हालांकि, खराब मौसम को दुर्घटना की वजह मानने की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। विमान के बिजली की लाइन से टकराने के प्रत्यक्षदर्शियों के दावों की भी पुष्टि नहीं हुई है।

सह पायलट रखने को तैयार नहीं कंपनियां

हेलिकॉप्टर संचालकों ने चारधाम चार्टर सेवा को रोका, श्रद्धालु फंसे

एजेंसी ▶▶ देहरादून

सह-पायलट नियम को लेकर हेलिकॉप्टर संचालकों द्वारा सोमवार को चारधाम चार्टर सेवा रोक दिए जाने के बीच उनके साथ बातचीत बेनतीजा रहने के बाद गतिरोध समाप्त करने के लिए उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) ने चार नवंबर को एक और बैठक बुलाई है जबकि कई श्रद्धालु अब भी धामों में फंसे हुए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में इस नियम को लेकर हेलिकॉप्टर चार्टर सेवा संचालकों के प्रतिनिधियों, नागर विमानन महानिदेशालय



(डीजीसीए) और यूकाडा के अधिकारियों के बीच बैठक हुई । यूकाडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि बैठक में सरकार ने चारधाम मार्गों पर चलने वाले चार्टर संचालकों के लिए वार्षिक पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान अगले साल से सह-पायलट नियम को अनिवार्य रूप से लागू करने का प्रस्ताव रखा।

भारत-वियतनाम संबंधों के 55 साल पूरे होने पर होंगे आयोजन

वियतनाम स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी जानकारी

एनएसए डोभाल ने वियतनाम के शीर्ष नेतृत्व से की 'मुलाकात' सुरक्षा सहयोग मजबूत करने पर बनी सहमति, कई मुद्दों पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और वियतनाम वर्ष 2027 में राजनयिक संबंधों की स्थापना के 55 वर्ष पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसे लेकर सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और वियतनाम के विदेश मंत्री एवं कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के पोलित ब्यूरो सदस्य ले होआई ट्रुंग के बीच बैठक हुई।

दोनों नेताओं ने भारत-वियतनाम उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी के अनुरूप इस ऐतिहासिक अवसर को मनाने के तरीकों पर चर्चा की। वियतनाम स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी जानकारी दी। दोनों देशों ने मई में वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम की भारत यात्रा के दौरान अपने द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया था। इसके बाद रक्षा, सुरक्षा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की दिशा में प्रयास तेज हुए हैं।

डोभाल ने सोमवार को वियतनाम के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री और वरिष्ठ लेफ्टिनेंट जनरल लुओंग टैम क्वांग से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्षों ने सुरक्षा क्षेत्र में मौजूदा सहयोग की समीक्षा की और इसे और मजबूत बनाने पर चर्चा की। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। भारतीय दूतावास के अनुसार, दोनों देशों का सुरक्षा सहयोग आपसी विश्वास और गहरी सभ्यतागत साझेदारी पर आधारित है।

रविवार को राजधानी हनोई पहुंचे थे डोभाल



एनएसए डोभाल ने वियतनाम के उपप्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग से भी मुलाकात की। बैठक में दोनों देशों के बीच जारी रक्षा सहयोग की स्थिति की समीक्षा की गई और इस क्षेत्र में गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी। डोभाल रविवार को आधिकारिक यात्रा पर वियतनाम की राजधानी हनोई पहुंचे थे। यात्रा के दौरान वह वियतनाम के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठकें कर रहे हैं। इनका उद्देश्य दोनों देशों के बीच उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत रक्षा, सुरक्षा और द्विपक्षीय सहयोग को नई गति देना है।

पटनीटॉप में ईडी ने 41.38 करोड़ की संपत्ति जब्त

जम्मू । जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पटनीटॉप में होटल भूमि अतिक्रमण मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत करीब 10.66 करोड़ की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है। इनमें पटनीटॉप स्थित होटल हॉलिडे इन, होटल ब्रॉडवे, होटल हॉलीवुड और होटल माउंटव्यू की जमीन और इमारतें शामिल हैं। इस मामले में वर्ष 2025 में भी दो अलग-अलग आदेश जारी कर करीब 30.72 करोड़ की संपत्तियां अटैच की गई थीं। इस कार्रवाई के बाद मामले में अब तक अटैच की गई संपत्तियों का कुल मूल्य बढ़कर करीब 41.38 करोड़ हो गया है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415